दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा गुरुवार 27 फरवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 540



## संक्षिप्त खबरें ।

### चिली में ब्लैकआउट से बिगड़े हालात, लाखों घरों में छाया अंधेरा; इमरजेंसी की घोषणा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**चिली।** चिली में इस वक्त हालात बहुत ज्यादा खराब हैं। मंगलवार को चिली के अधिकतर हिस्सों में बिजली गुल हो गई, जिससे यात्री फंस गए और इंटरनेट सेवा बंद हो गई हैं। कारोबार तथा दैनिक जीवन ठप्प हो गया, अधिकारी बिजली बहाल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकार ने ऐसे में इमरजेंसी की घोषणा की है और साथ ही रात में अनिवार्य कर्फ्यू भी लगाया है जो बुधवार सुबह 6 बजे तक रहेगा। इंटरनेट और मोबाइल फोन सेवाएं बंद रहीं। दुनिया के सबसे बड़े तांबा उत्पादक ने खनन कार्य स्थगित कर दिया। इंटरनल मिनिस्टर कैरोलिना टोहा ने तबाही की चेतावनी दी, जबकि असली कारण अभी भी पता नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमारी पहली चिंता और इस घोषणा का कारण, लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने एलान किया कि सरकार यातायात को नियंत्रित करने और अराजकता पर लगाम लगाने के लिए अंधेरी सड़कों पर सुरक्षा बलों को भेज रही है।

**14 क्षेत्रों में नहीं है बिजली :** रात 10 बजे के आसपास, आउटेज शुरू होने के पांच घंटे से अधिक समय बाद, कम से कम 7 मिलियन लोगों के पास अभी भी बिजली नहीं थी, और 14 प्रभावित क्षेत्रों में से किसी में भी पूरी तरह से बिजली नहीं थी। चिली की राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया सेवा, सेनाप्रेड ने कहा कि बिजली आपूर्ति में परेशानी के कारण देश के 16 क्षेत्रों में से 14 में बिजली गुल हो गई, जिसमें लगभग 8.4 मिलियन लोगों का शहर सैंटियागो भी शामिल है, जहां अधिकारियों ने कहा कि अगली सूचना तक कोई मेट्रो सेवा नहीं होगी। तोहा ने कहा कि अस्पताल, जेल और सरकारी इमारतें आवश्यक उपकरणों को चालू रखने के लिए बैकअप जनरेटर का उपयोग कर रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि वे सैंटियागो और देश के अन्य स्थानों में अंधेरे सुरंगों और मेट्रो स्टेशनों से यात्रियों को निकाल रहे हैं, जिसमें तटीय पर्यटन स्थल वालपाराइसो भी शामिल है। साझा किए गए वीडियो में बिना काम करने वाले ट्रैफिक लाइटों के चौराहों पर बड़े पैमाने पर भ्रम दिखाई दिया, लोगों को भूमिगत मेट्रो में टॉर्च के रूप में अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना पड़ा और इमारतों को खाली करने में मदद के लिए पुलिस को भेजा गया।

### इजरायल व हमास के बीच हुआ नया समझौता, बंधकों के शवों और कैदियों की अदला बदली पर बनी सहमति

**लोक तंत्र की आवाज़**



**यरुशलम।** इजरायल और हमास के अधिकारियों ने कहा हो कि वह सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले मृत बंधकों के शवों के आदान-प्रदान के संबंध में एक समझौते पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही इजरायल और हमास के बीच नाजुक युद्धविराम के कम से कम कुछ और दिनों तक बरकरार रहने की संभावना है। इजरायल शनिवार से 600 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई में देरी कर रहा है। उसका कहना है कि हमास ने रिहाई के दौरान बंधकों के साथ क्रूर व्यवहार किया है। हमास का कहना है कि कैदियों की रिहाई में देरी युद्धविराम का गंभीर उल्लंघन है और जब तक कैदियों को रिहा नहीं किया जाता तब तक दूसरे चरण की बातचीत संभव नहीं है। इस गतिरोध के कारण युद्धविराम के असफल होने का खतरा मंडराने लगा था।

**इजरायल-हमास के बीच हुआ समझौताः** युद्ध विराम समझौते के छह सप्ताह के पहले चरण की अवधि इस सप्ताहांत समाप्त होनी है लेकिन मंगलवार देर रात हमास ने कहा कि समूह के एक शीर्ष राजनीतिक अधिकारी खलील अल-हय्या की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने काहिरा की यात्रा के दौरान विवाद को हल करने के लिए एक समझौता किया। समझौते के बंधकों के शव सौंपे जाएंगे साथ ही सैकड़ों कैदियों को इजरायल रिहा करेगा। बयान में कहा गया है कि पहले रिहा किए जाने वाले कैदियों को ''इजरायली बंदियों के शवों को सौंपे जाने के साथ ही रिहा किया जाएगा'' और साथ ही फलस्तीनी कैदियों के एक नए समूह की रिहाई भी होगी।

## भारत में आएगी तबाही? पल भर में सबकुछ हो जाएगा खत्म !


**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** रह-रह कर दिल्ली से लेकर पश्चिम बंगाल की तक जो भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे है क्या वो किसी खतरे की आहट हैं. क्या देश में कोई तबाही आने वाली है? क्यों पिछले 9 दिनों में देशभर के 6 से 7 राज्यों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं जिसमें दो बार तो राजधानी दिल्ली में ही महसूस किए गए हैं. 17 फरवरी यानी सोमवार को दिल्ली और पूरे एनसीआर में सुबह 5:36 बजे तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोग बहुत घबरा गए थे. भूकंप के झटके इतने तेज थे कि जो लोग सो रहे थे, उनकी नींद टूट गई, और जो जाग रहे थे, वे दहशत में आ गए. 17 फरवरी से शुरू हुए भूकंप के झटके 9 दिन बाद भी जारी हैं. यह 17 को दिल्ली एनसीआर, बिहार समेत बांग्लादेश तक महसूस किए गए थे. इसके बाद 6 दिन बाद जम्मू कश्मीर और उसके एक दिन बाद यानी 24 फरवरी को फिर से दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए गए. 9वें दिन यानी 25 फरवरी को ओडिशा के कई शहरों में मंगलवार सुबह लोगों ने भकूंप के झटके महसूस किए. झटका इतना जोरदार था कि लोग अपने घरों से बाहर निकल आए. सुबह करीब 6:10 बजे पुरी, बरहामपुर, बालासोर और भुवनेश्वर में लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए. भूकंप का केंद्र अक्षांश 19.52 डिग्री उत्तर और देशांतर 88.55 डिग्री पूर्व पर था।

17 फरवरी को दिल्ली के बाद बिहार में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, सोमवार सुबह 8:02 बजे 4.0 तीव्रता का भूकंप आया. बिहार में भी आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.0 मापी गई, जबकि इसका केंद्र सीवान जिले में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे स्थित था. एनसीएस बताया था कि इस भूकंप का अक्षांश 25.93 और देशांतर 84.42 दर्ज किया गया. बिहार के अलावा, सोमवार सुबह 8:54 बजे बांग्लादेश में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए. यहां भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई, जबकि इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे स्थित था। एनसीएस के अनुसार, बांग्लादेश में आए भूकंप का अक्षांश 24.86 और देशांतर 91.94 दर्ज किया गया

**जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में भूकंप के झटकेः** 23 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में रविवार शाम करीब 8.47 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.8 मापी गई. भूकंप का केंद्र कुपवाड़ा बताया गया था. हालांकि इस भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं हुई थी. नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, यह भूकंप शाम करीब 8:47 बजे आया और इसकी गहराई 10 किलोमीटर के आसपास थी. रविवार को ही यूपी के गाजियाबाद में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. गाजियाबाद में महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.8 मापी गई. नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार इस भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था।

### दिल्ली-एनसीआर सहित इन शहरों पर मंडराया काल



### क्या दिल्ली से बिहार और बांग्लादेश में हुआ था कोई नुकसान?

भूकंप के झटकों से बिहार और बांग्लादेश में किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं थी, लेकिन स्थानीय लोगों में डर का माहौल देखा गया था. इससे पहले राजधानी दिल्ली में भी सुबह 5.37 बजे के करीब भूकंप आया था. झटके इतने तेज थे कि इमारतें हिलने लगीं। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र के अनुसार, तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी थी.

### मंगलवार को बंगाल और ओडिशा में भूकंप के झटके महसूस किये गए

ओडिशा के कई शहरों में मंगलवार सुबह लोगों ने भकूंप के झटके महसूस किए. झटका इतना जोरदार था कि लोग अपने घरों से बाहर निकल आए. सुबह करीब 6:10 बजे पुरी, बरहामपुर, बालासोर और भुवनेश्वर में लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए. भूकंप का केंद्र अक्षांश 19.52 डिग्री उत्तर और देशांतर 88.55 डिग्री पूर्व पर था.

## जम्मू-कश्मीर में बड़ा आतंकी हमला राजौरी में सेना की गाड़ी पर फायरिंग

**लोक तंत्र की आवाज़**

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में संदिग्ध आतंकियों ने हमला किया है। राजौरी के सुंदरबनी इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों ने भारतीय सेना के वाहन पर कई राउंड फायरिंग की। यह हमला घने जंगल से किया गया, जिसके बाद सेना ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षा बलों ने हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है।

**सेना चला रही है सर्च अभियानः** जानकारी के अनुसार, मुश्तबह दहशतगर्दों पेली फाल सुंदरबनी के इलाके में सेना की गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। ये हमला अखनूर के मलला और राजौरी के सुंदरबनी के पास के इलाके में हुआ है। फ़ायरिंग के बाद संदिग्ध आतंकी फरार हो गए। संभावना है कि आतंकी पास के जंगलों में छिप गए हैं। फायरिंग के बाद इलाके में आने जाने वाली गाड़ियों को रोककर तलाशी की ली जा रही है।

**किसी के हताहत होने की सूचना नहीं :** अधिकारियों ने बताया कि सुंदरबनी सेक्टर के फाल गांव के पास हुई संक्षिप्त गोलीबारी में किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि जंगल में छिपे हुए आतंकवादियों ने इलाके से गुजर रहे सेना के वाहन पर कुछ राउंड फायरिंग की। यह इलाका आतंकवादियों के लिए पारंपरिक घुसपैठ का रास्ता माना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने जवाबी फायरिंग की, जबकि आतंकवादियों को बेअसर करने के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया।

**सेना ने इलाके में की घेराबंदीः** जानकारी के अनुसार, आज दोपहर 12:45 बजे, आतंकवादियों ने राजौरी सेक्टर के निकट सेना के वाहन पर गोलीबारी की। सेना ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और तलाशी जारी है।



### आतंकवादियों के दो आकाओं की लाखों रुपये की संपत्तियां कुर्क की गई

इससे पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान स्थित दो आतंकवादी आकाओं की लाखों रुपये की संपत्ति मंगलवार को कुपवाड़ा जिले में कुर्क की। पुलिस द्वारा अदालत से आदेश प्राप्त करने के बाद कुर्क की गई संपत्तियों में तीन कनाल और 12 मरला भूमि शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि ये संपत्तियां ताहिर अहमद पीर और मोहम्मद रमजान गनी की हैं, जो कुपवाड़ा के निवासी हैं और फिलहाल पाकिस्तान से बाहर रहते हैं। पुलिस ने बताया कि 2011 में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान इनकी पहचान दो भगोड़ों की संपत्तियों के रूप में की गई थी।

## तेलंगाना सुरंग हादसाः बचाव में मदद के लिए बुलाए गए भूवैज्ञानिक, चार दिन से फंसे कर्मियों से नहीं हो सका संपर्क




**लोक तंत्र की आवाज़**

**तेलंगाना।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग में पिछले चार दिनों से फंसे श्रमिकों से अब तक कोई संपर्क नहीं हो सका है। सुरंग से पानी और कीचड़ निकालने का काम चल रहा है, लेकिन जैसे-जैसे समय निकल रहा है श्रमिकों की कुशलता को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। सेना और एनडीआरएफ के सदस्य पहले से ही बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। अब हालात का आकलन करने और बचाव कार्य में मदद के लिए भारत भूगर्भीय सर्वेक्षण (जीएसआई) और राष्ट्रीय भौगोलिक अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के भूवैज्ञानिकों को भी बुलाया गया है।

बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे नागरकुर्नूल के जिला कलेक्टर बी संतोष ने कहा कि आगे कोई भी कदम उठाने से पहले सुरंग की स्थिरता को ध्यान में रखा गया है। सुरंग से जल निकासी का काम भी चल रहा है। जीएसआई और एनजीआरआई की सलाह ले रहे हैं। स्थिति का आकलन करने के लिए एलएंडटी से जुड़े ऑस्ट्रेलियाई विशेषज्ञों को भी बुलाया गया है। कीचड़ और मलबा भरने के कारण हम आखिर के 40-50 मीटर के अंदर नहीं जा पा रहे हैं, जहां श्रमिक फंसे हुए हैं।

**बचाव अभियान पर अहम फैसला संभवः** सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार जल्द ही बचाव अभियान को लेकर कुछ महत्वपूर्ण फैसला ले सकती है। बचाव दल को लोगों को निकालने के लिए सुरंग में दुर्घटना स्थल तक पहुंचने के लिए मोटी मिट्टी, उलझी हुई लोहे की छड़ों और सीमेंट ब्लॉकों से गुजरना पड़ा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय और राज्य आपदा मोचन टीमों के साथ सेना, नौसेना, सिंगरेनी कोलियरीज और अन्य एजेंसियों के 584 कुशल कर्मियों की एक टीम ने सात बार सुरंग का निरीक्षण किया है।

## चुनावी राज्यों में नए नेतृत्व के साथ मैदान में उतरेगी कांग्रेस

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** इस साल के अंत में बिहार और अगले साल असम, केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नए प्रदेश नेतृत्व के साथ उतरने की तैयारी में है। संगठन मजबूत करने में जुटी पार्टी इन राज्यों में कुछ युवा नेताओं पर दाव खेल सकती है। असम में सांसद गौरव गोगोई को कमान सौंपी जा सकती है। इस बीच दिल्ली की तरह बिहार में कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों को आंख दिखाना शुरू कर दिया है। दरअसल, कांग्रेस के लिए असम और केरल में अपने दम पर वापसी करना बड़ी चुनौती है। बिहार में कांग्रेस का प्रयास पर्याप्त सीटें जीत कर राजद सहित अन्य सहयोगी दलों के साथ सरकार बनाने का है। पार्टी ने बिहार में युवा नेता कृष्णा अल्लावरू को प्रभारी बनाकर बड़ा दांव खेला है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी रहे अल्लावरू तेज-तर्रार छवि के नेता माने जाते हैं।



**असम में सरमा बनाम गोगोईः** असम में पिछले दिनों हुए सियासी घटनाक्रम से अगला विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा बनाम गौरव गोगोई होता दिख रहा है। कांग्रेस 42 साल के गौरव को अब असम की जिम्मेदारी देने की तैयारी में है। पिछले दिनों गौरव की पत्नी को लेकर भाजपा खासी आक्रमक रही। गोगोई परिवार पर मुकदमे किए गए तो पार्टी उनके साथ डटकर खड़ी रही। खुद गौरव पहली बार प्रदेश की सियासत में खासे सक्रिय हुए हैं।

**बिहार में अकेले भी लड़ सकती है चुनावः** बिहार में कांग्रेस ने कृष्णा अल्लावरू के प्रभारी बनाकर विधानसभा चुनाव की आक्रमक रणनीति बनानी शुरू कर दी है। दिल्ली का उदाहरण देखते हुए ज्यादा सीटों की चाहत में कांग्रेस ने अपने सबसे पुराने सहयोगी दल राष्ट्रीय जनता दल को भी आंख दिखाई है। अल्लावरू कह चुके हैं कि जरूरत पड़ी तो बिहार में कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ सकती है। पार्टी यहां 70 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है।

### केरल में बदलाव करना है, लेकिन नेतृत्व किसे दिया जाए फैसला बाकी

केरल में अगले साल अप्रेल में विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस यहां वापसी चाहती है वही भाजपा भी अपनी पैठ जमाने की कोशिश में है। गुटबाजी से ग्रसित कांग्रेस ने नेतृत्व के लिए सारे विकल्प खोल रखे हैं। गांधी परिवार के नजदीकी के.सी.वेणुगोपाल केरल जाना चाहते हैं, लेकिन फिलहाल उन्हें हरी झंडी नहीं मिली है। शशि थरूर ने केरल में नेतृत्व करने का दावा ठोक कर पार्टी के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। प्रदेश में पार्टी सोच-समझ कर नए नेतृत्व को कमान सौंपने के मूड में है।

## राहुल फिर बिहार का दौरा करेंगे

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर बिहार का दौरा करने वाले हैं। वे इस साल बिहार पर फोकस किए हुए हैं। वे अब तक दो बार बिहार आ चुके हैं। एक बार उन्होंने संविधान सम्मेलन समारोह में हिस्सा लिया तो दूसरी ओर बिहार के पहले दलित कैबिनेट मंत्री जगलाल चौधरी की जयंती में शामिल हुए। अपनी तीसरी यात्रा में वे फिर संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल होंगे। इस बार यह सम्मेलन गया में होगा। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की भी बिहार यात्रा होने वाली है। बिहार में इस साल चुनाव है और इसलिए कांग्रेस नेताओं की सक्रियता समझ में आती है। तभी यह भी कहा जा रहा है कि कांग्रेस अपना जो अधिवेशन गुजरात में कर रही है वह बिहार में करना चाहिए था



या तीन महीने बाद बिहार में भी कांग्रेस का अधिवेशन होना चाहिए।

बहरहाल, कांग्रेस नेताओं का और खासकर राहुल गांधी का दौरा बहुत अहम है। चूंकि कांग्रेस ने अपने भरोसे के और अपनी टीम के सदस्य कृष्णा अलावारू को बिहार का प्रभारी बनाया है तो उनके लिए भी यह जरूरी है कि बिहार में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर हो। पिछली बार 70 सीटों पर लड़ कर कांग्रेस सिर्फ 19 सीट जीत पाई थी। हालांकि उसमें राजद ने कांग्रेस को कमजोर सीटें ज्यादा दी थीं। इस बार कांग्रेस भले कुछ सीटें कम ले लेकिन समीकरण के लिहाज से मजबूत सीटें लेने पर उसका फोकस होगा। राहुल की यात्रा दलित और मुस्लिम समीकरण को मजबूत करने के लिए भी हो रही है। तभी बिहार में दलित कांग्रेस अध्यक्ष बनाने की चर्चा चल रही है। अपनी इस यात्रा में राहुल दलित नेता भगीरथ मांझी से भी मिलेंगे।

## पीएम खायेंगे 350 दिन 'बिहारी भूंजा, मखाना के बयान पर राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा 'मधुबनी पेंटिंग्स और.....

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बीते 24 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी बिहार के भागलपुर पहुंचे थे। भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में प्रधानमंत्री ने किसानों को संबोधित किया और किसानों को किसान सम्मान निधि की 19वीं क़िस्त के साथ कई और सौगात भी दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र के बिहार दौरे को लेकर विपक्ष लगातार एनडीए पर हमलावर है और एक बार फिर राजद सुप्रीमो लालू यादव ने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया है।

**पीएम बिहार से दिखायेंगे बचपन का रिश्ताः** राजद सुप्रीमो लालू यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी ने के वर्ष में कम से कम तीन सौ दिन मखाना खाने की बात पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अबकी बार हमारे सवालों पर पीएम ने साल में 300 दिन ही मखाना खाने की बात कही है। अगली बार 350 दिन 'बिहार भूंजा' खायेंगे। 100 दिन भागलपुरी सिल्क पहनेंगे। छठ मैया के व्रत करेंगे। गंगा मैया में डुबकी लगायेंगे। जानकी मैया के मंदिर जायेंगे। बिहार से बचपन का रिश्ता स्थापित करेंगे। मधुबनी पेंटिंग्स का गमछा या कुर्ता पहनेंगे। भोजपुरी, मगही, अंगिका, बज्जिका, सुरजापूरी और मैथिली भाषा की 2-4 उधारी लाइनों से संबोधन की शुरुआत करेंगे। जननायक कर्पूरी ठाकुर जी, लोकनायक जयप्रकाश जी और अन्य महापुरुषों से संबंध बताएँगे।'



बता दें कि राजद सुप्रीमो लालू यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी के बिहार आगमन के दौरान भी तंज कसा था और एक्स पर पोस्ट कर लिखा था कि 'प्रधानमंत्री आज बिहार में हैं इसलिए आज बिहार में झूठ और जुमलों की बरसात होगी। चुनावी वर्ष है इसलिए लोगों को भ्रमित करने के लिए केंद्र की देशभर की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन अब दिखावटी रूप से बिहार से होगा लेकिन बिहार को कुछ नहीं मिलेगा, ना ये देंगे।

## बीजेपी को हराने का दम सिर्फ कांग्रेस में, पप्पू यादव का बड़ा दावा, पीएम मोदी और सीएम नीतीश को लेकर क्या कहा ?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**सासाराम।** बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने मंगलवार (25 फरवरी) को सासाराम के चितौली गांव में बीजेपी और उनके सहयोगी दलों पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि देश में सिर्फ कांग्रेस ही बीजेपी को हरा सकती है. कश्मीर से कन्याकुमारी तक कांग्रेस की मौजूदगी है, और यही पार्टी बीजेपी की नीतियों को चुनौती देने में सक्षम है।

चितौली गांव में एक दंगल प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे पप्पू यादव ने कहा, ₹ कुछ राज्यों में नफरत फैलाकर बीजेपी ने सरकार बनाई है. कांग्रेस को अलग कर देने से देश की सुरक्षा कमजोर हो जाएगी. आज जो भी बीजेपी के साथ गया, वह खत्म हो गया. नवीन पटनायक, जगनमोहन रेड्डी, एकनाथ शिंदे, महबूबा मुफ्ती को बीजेपी ने राजनीतिक रूप से खत्म कर दिया. अब नीतीश कुमार की बारी है।



**'जिनके मोदी पैर छूते हैं खत्म हो जाता हैः** पप्पू यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर भी बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भागलपुर की रैली में एक बार भी यह नहीं कहा कि बिहार में बीजेपी नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी, न ही उन्होंने नीतीश को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बताया. इससे साफ होता है कि बीजेपी ने नीतीश कुमार को भी राजनीतिक रूप से कमजोर करने की योजना बनाई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए पप्पू यादव ने कहा, जिसका भी पैर नरेंद्र मोदी छूते हैं, वह खत्म हो जाता है. इस संदर्भ में पप्पू यादव ने दिवंगत नेता बाला साहेब ठाकरे और बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी का उदाहरण दिया।

**छोटे दलों को निगल जाएगीः** इसके साथ ही पप्पू यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बीजेपी को बिहार और देश से कांग्रेस ही विलुप्त कर सकती है. इसलिए सबको कांग्रेस का साथ देना चाहिए. सहयोगी दलों को भी पूरे सम्मान के साथ कांग्रेस का सहयोग करना चाहिए. अन्यथा बीजेपी काम, क्रोध, मद, लोभ, साम, दाम, दंड, भेद के जरिए छोटे दलों को निगल जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### परम्परागत तरीके से मनाया गया महाशिवरात्रि



**कौआकोल।** बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कौआकोल प्रखण्ड में उत्साह एवं भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि का त्योहार परम्परागत तरीके से मनाया। इस अवसर पर प्रखण्ड के सभी शिवालयों की साफ सफाई कर सुसज्जित ढंग से सजाया गया। इस अवसर पर शिव भक्तों ने दिनभर उपवास रखकर व्रत की तथा शिव मन्दिरों में पुजा अर्चना कर शिव लिंग पर जलाभिषेक किया। प्रखण्ड के रानीबाजार सहित कई गांवों में भव्य शिव बारात की शोभा यात्रा भी निकाली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने खासकर महिला और युवकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शिव-पार्वती विवाह उत्सव मन्दिरों में आकर्षण का केन्द्र बना रहा। कौआकोल ब्लॉक परिसर का शिव मंदिर,रानीबाजार शिव पार्वती मंदिर,सोखोदेवरा का एकदण्ड महादेव मंदिर,बाबा बम्बेश्वर नाथ मंदिर,भोरमबाग महादेव मठ सहित विभिन्न मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ देखी गई। इस अवसर पर जगह-जगह भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर फलों की कीमतों में आई उछाल



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

सिरदला नवादा प्रखंड के विभिन्न बाजारों में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर फलों फूलों की कीमतों में उछाल आया है। क्षेत्र के सिरदला,लौंन्द, सुखनर, बरदाहा समेत क्षेत्र के बाजारों में फलों की दुकाने सुबह से ही सजी हुई दिखाई दे रही थी। लेकिन दोपहर बाद फलों की दुकानों, श्रृंगार की दुकानों पर भीड़ लगी रही। जिससे बेलपत्र, फल फूल, चना झगरी, बैर, गाजर,नारियल की कीमतों में उछाल आ गया। क्षेत्र के बाजारों में केला 60रुपये दर्जन,सेव 130 से 140 रुपए प्रति किलो, अंगूर 120 से 140 रुपए किलो, गाजर 60 प्रति किलो, चना झगरी 60 से 80 रुपए किलो, बैर 60 रुपये किलो,नारियाल 25 से 30 रुपये प्रति नारियल बिक्री होते देखा गया। सभी फलों की कीमतों में उछाल आ गया। शिवरात्रि पूजा पर श्रद्धालु भोलेनाथ एवं माता पार्वती को फल फूल चढ़ाते हैं। इसलिए काफी संख्या में महिला श्रद्धालुओं के द्वारा फलों की खरीदारी किया गया।

### हिसुआ में खुला आरोग्य हेल्थ क्लीनिक, विधायक नीतू कुमारी ने किया उद्घाटन



**हिसुआ(नवादा)।** हिसुआ के नरहट रोड चौहान मार्केट में बुधवार को आरोग्य हेल्थ क्लीनिक का विधिवत उद्घाटन हिसुआ विधायक नीतू कुमारी ने फीता काटकर किया। इस मौके विधायक नीतू कुमारी ने कहा चिकित्सा के क्षेत्र में एक क्लीनिक खुलने से लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। डॉ॰ आलोक रंजन द्वारा हिसुआ में जेनरल फिजिशियन की क्लीनिक खुलने से गरीब तबके के लोगों को लाभ मिलेगा। क्लीनिक संचालक डॉ॰ आलोक रंजन ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार के रोग जैसे छाती ,पेट ,थायराइड ,जोड़ों का दर्द ,गठिया बाता ,मधुमेह ,चर्मरोग ,स्त्री रोग शिशु रोग एवं मानसिक रोग का इलाज अनुभवी चिकित्सक द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर विधायक नीतू कुमारी ,विनोद विमल विशेष निदेशक बिहार सरकार ,डॉ॰ आलोक रंजन एमबीबीएस एमडी जेनरल फिजिशियन पीएमसीएच पटना ,रामेश्वर प्रसाद चौहान, बाबूलाल चौहान पूर्व प्राचार्य, प्रमोद कुमार प्रधानाध्यापक ,रामू चौहान पूर्व मुखिया ,शंभू सिंह पूर्व मुखिया ,अशोक कुमार ,कौशल कुमार ,सुबोध कुमार,अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।

# हिसुआ : महाशिवरात्रि को लेकर सुबह से हीं शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**रस्मोरिवाज़ के साथ निकाली गयी शिव बारात, भंडारे और जागरण का हुआ आयोजन**



लोक तंत्र कीआवाज

**हिसुआ (नवादा)।** महाशिवरात्रि को लेकर जहां बुधवार की सुबह से हीं हिसुआ नगर सहित ग्रामीण इलाकों के शिव मंदिर और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड देखी गई , वहीं महिला श्रद्धालुओं में पूजा-पाठ व आस्था की गजब होड लगी थी। नगर के स्टेशन रोड स्थित मदनेश्वर मंदिर, नरहट रोड के बडी शिवाला, टीएस कालेज के ज्वालानाथ मंदिर, सूढी टोला के नव जीर्णोद्धार शिव मंदिर मे हजारो की संख्या मे श्रद्धालुओं ने बाबा भोले की मूर्ति व शिवलिंग पर बेलपत्र, भांग, धतुरा, अबीर-गुलाल, दुध सहित अन्य समाग्री चढा भोलेनाथ व मां पार्वती से प्रार्थना कर परिवार के लिए मंगलकामना किए। पूजा-पाठ का दौर उक्त सभी मंदिरों व शिवालयों में देर शाम तक चलता रहा। शाम चार बजे नरहट रोड स्थित बडी शिवाला से शिव की बारात धुमधाम से निकाली गई। बारात मे ढोल-ताशा, नगाडा, झाल के सहित डीजे की भक्तिमय धून पर श्रद्धालु भक्त जमकर झूमते नजर आये। हमसे भंगिया न पीसाई हो गणेश के पापा सहित अन्य धूनो व संगीत पर लोग जमकर नाचे। मनमोहक रही झांकियां : बडी शिवाला के पुजारी सह कार्यक्रम के नेतृत्व में निकली इस बरात में रथ पर सबार शिव- पार्वती झांकियां दर्शनीय रहीं। इसके अलावा भूत बेताल तथा हनुमान जी की भव्य झांकियां को देखने के लिए लोग उमड पडे। ऐसे भ्रमण किया बारात : नगर के नरहट रोड स्थित बडी शिवाला परिसर से बारात निकलकर महादेव मोड होते हुए, अंदर बाजार के रास्ते टीएस कॉलेज स्थित ज्वालानाथ मंदिर पहुंची जहां बारात का भव्य स्वागत किया गया। जिसके बाद सूढी टोला स्थित नव सौन्दर्यीकरण हुए शिव मंदिर पहुंचा, जहां मंदिर निर्माणकर्ता सदानंद ने शिव बारात का स्वागत करते हुए चल रहे भंडारा का प्रसाद ग्रहण कराया। बारात सूढी टोला गली होते हुए विश्वशांति चौक के रास्ते पुनः बडी शिवाला पहुंचा, जहां दूरदराज से आये लोगों ने भंडारा का लुप्त उठाया। बताया गया कि देर रात में शिव पार्वती का विवाह का आयोजन किया जायेगा। सुरक्षा का रहा चाक- चौबंद व्यवस्था : नगर में निकले भव्य झांकी दौरान सुरक्षा का पूर्ण व्यवस्था था । स्थानीय प्रशासन के साथ कमिटी के लोग भी सुरक्षा में लगे थे । सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ शोभायात्रा के साथ-साथ भी पुलिस प्रशासन अलर्ट दिखे । थानाध्यक्ष अनिल कुमार एवं पुलिस बल साथ -साथ तैनात दिखे। हिसुआ विधायक नीतू सिंह भी शोभायात्रा में थी शामिल : शिव झांकी और शोभायात्रा के दौरान हिसुआ विधायक नीतू सिंह एवं उनके पति शेखर सिंह उर्फ पप्पू सिंह भी झांकी के साथ भक्तिमय वातावरण में भक्तों और शोभायात्रा में शामिल लोगों को हौसलाफजाई करते दिखे ।

## मनोकामना महादेव मंदिर लोगों को अपार भीड़

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** फाल्गुन तृतीया को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर महिलाओं और पुरुष की अपार भीड़ देखने को मिल रही है। बहुत ही पुराने और सभी की मनोकामना पूरी करने वालो भगवान शिव मंदिर मनोकामना मंदिर पर अपार भिड़ देखने को मिली इस मनोकामना मंदिर के व्यवस्थापक नमामि गंगे के गया जिला के सह संयोजक धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह मंदिर में जो भी भक्त सच्चे हृदय से मनोकामना मांगते हैं अवश्य पुरी होती। रात्रि में जागरण का भी आयोजन किया जाएगा, भगवान शिव एवं पार्वती विधि विधान से शादी भी कराई जाएगी।इस मौके पर नमामि गंगे सह संयोजक धनंजय कुमार पाण्डेय एवं विनय कुमार श्रीवास्तव, रवि कुमार, अंकित कुमार,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता,काफी संख्या में लोग उपिस्थति थे।

## देवकुंड में हजारों श्रद्धालुओं ने सुबह से लेकर शाम तक किया जलाभिषेक





लोकतंत्र की आवाज

**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

गोह (औरंगाबाद) महाशिवरात्रि पर प्रखंड के देवकुंड स्थित बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर में अभिषेक करने के लिए आधी रात से ही कतारें लगनी शुरू हो गईं। देवकुंड धाम में हर कोई भगवान शिव की भक्ति में डूबा नजर आया। 2:30 बजे पारंपरिक पूजन के बाद मंदिर कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया। जलाभिषेक का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। तकरीबन 500 मीटर तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। जलाभिषेक के दौरान महिलाओं के अधिक भीड़ हो जाने से सुरक्षा में तैनात कर्मियो को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं एसपी अंबरीष राहुल, पूर्व विधायक डॉ रणविजय कुमार भी देवकुंड पहुंचकर बाबा दूधेश्वरनाथ का जलाभिषेक किया। पुलिस अधीक्षक ने पूजा अर्चना के बाद मेला कि विषय स्थिति का जायजा लिया। दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषिराज, सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार व थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार दल-बल के साथ मुस्तैद रहे। वहीं स्थानीय थाना के साथ जिले से 50 अतिरिक्त महिला-पुरुष बल के साथ तीन दर्जन ग्राम रक्षा दल के सदस्य, स्थानीय अभाविप ईकाई के दर्जनों कार्यकर्ता भी तत्पर रहें।

## संगठन श्रेत्रीय महामंत्री गया आने से कार्यकर्ता में नई ऊर्जा प्रदान करेगा: मनीष पंकज मिश्रा



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** बिहार-झारखंड के संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी के गया की पावन धरती पर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उनका भव्य स्वागत किया है। इस अवसर पर उन्होंने अंग वस्त्र, विष्णु चरण सिंह, और गुलाब का फूल भेंट कर उनका अभिनंदन किया है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि नागेंद्र त्रिपाठी एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में जाने जाते हैं।जिनका नेतृत्व और मार्गदर्शन पार्टी कार्यकर्ताओं को सदैव प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि उनका गया आगमन संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा और कार्यकर्ताओं को मजबूती से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। स्वागत करने वालों में धनराज शर्मा, जैनेन्द्र कुमार, अनिल स्वामी, प्रेम प्रकाश चिंटू, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, नगर निगम वार्ड संख्या 15 के बाद पार्षद दीपक चंद्रवंशी ,महेश यादव आदि।

## बैंक मैनेजर के घर से चोरों ने चुराई लाखों रुपए की संपत्ति

लोकतंत्र की आवाज

**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर,**



गोह (औरंगाबाद) चोरों की तांडव से ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत व्याप्त है।गोह थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। बताते चलें कि सोमवार की रात गोह थाना क्षेत्र के सरेया गांव निवासी अरविंद कुमार सिंह के घर के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए की संपत्ति चुरा ली है। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने दरवाजे का ताला टूटा देख गृहस्वामी को फोन कर ताला टूटने की सूचना दी। ग्रामीण बब्लू सिंह ने बताया कि गृहस्वामी शशि रंजन कुमार गया जिला अंतर्गत मानपुर बाजार स्थित एक्सिस बैंक में मैनेजर पद पर कार्यरत हैं। सभी परिवार गया में रहते हैं। चोरी की घटना सुनकर सभी परिवार घर पर आए तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर का जायजा लेते हुए मामले की छानबीन में जुटी हुई है। चोरी की घटना को लेकर गृहस्वामी शशि रंजन ने थाने में एक लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख है कि 300 ग्राम सोने की जेवरात कीमत लगभग इक्कीस लाख,900 ग्राम चांदी की जेवरात कीमत सतर हजार, 51पीस चांदी के सिक्के कीमत बावन हजार,अढ़ाई लाख नगद राशि एवं फुल पीतल बर्तन तथा महंगें साड़ी कपड़े सहित अन्य सामानों की कीमत लगभग एक लाख रुपए बताई गई है। चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। वहीं गृहस्वामी के परिजन काफी मायूस हैं। पीड़ित परिजनों ने असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कारवाई करने के लिए पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है। गोह पुलिस ने घटनास्थल पर डॉग स्क्वाड टीम के द्वारा जांच कराया पर कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने फौरेंसिक टीम गठित कर जल्द चोर गिरोहों को पकड़ा जाएगा।वहीं समाजसेवी कार्यकर्ता दीपक कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह चोरी की घटनाओं पर गोह पुलिस को जल्द संज्ञान लेना चाहिए। पुलिस चोरी की सामान को बरामद कर गृहस्वामी को सौंपने का काम करें।

## गया कॉलेज गया के छात्र प्रशांत सिंह का चयन विजय हजारे ट्रॉफी में ईस्ट जोन की ओर से हुआ है: प्राचार्य

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** आज दिनांक 26 फरवरी को गया कॉलेज गया के छात्र प्रशांत सिंह का चयन विजय हजारे ट्रॉफी में ईस्ट जोन की ओर से हुआ है इस बात की जानकारी देते हुए गया कॉलेज गया के जनसंपर्क अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अन्तर पूर्वी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी प्रशांत सिंह जो गया कॉलेज, गया के स्नातक के छात्र हैं, उनका चयन विजय ट्रॉफी में हुआ है। इस सफलता का श्रेय उनके संघर्ष, समर्पण और कड़ी मेहनत को जाता है। उनके चयन ने मगध विश्वविद्यालय और गया कॉलेज को गौरवंवित् किया है, क्योंकि इस विश्वविद्यालय से मात्र एक खिलाड़ी का चयन विजय हजारे ट्रॉफी में हुआ है। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही ने इस ऐतिहासिक क्षण पर खुशी जताते हुए कहा, कि ₹यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। इनका चयन विजय हजारे ट्रॉफी में हुआ है ।ये हमारे खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और टीम वर्क के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। हमें अपने अभिभावकों का भी आभार है, जिनके समर्थन और आशीर्वाद से हम यहां तक पहुंचे है। प्रशांत के चयन पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र ने पूरे महाविद्यालय सहित विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रशांत के लग्न का फल है कि आज हमारा विश्वविद्यालय फिर से राष्ट्रीय एवम अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपना नाम कर रहा है मौके पर बधाई देने वालों में से एथलेटिक सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. राशिद नईम, मगध विश्वविद्यालय के खेलकूद निदेशक डॉ. बृजेश राय, डॉ. सुदर्शन राय, डॉ. आदर्श कुमार गुप्ता, डॉ रामदेव प्रसाद , डॉक्टर धनंजय धीरज ,डॉ अमित कुमार, डॉ अरुण गर्ग ,डॉ मार्कंडेय पांडे डॉ पंकज भारती गया कॉलेज गया के शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के सचिव संतोष कुमार सिंह, अध्यक्ष मनीष प्रताप सिंह, लेखापाल जावेदउल बारी, भूपेंद्र सिंह, नीरज सिंह, , सत्यम सौरभ और सभी महाविद्यालय परिवारों ने प्रशांत को बधाई दी है। टीम कोच अंजनी कुमार ने कहा कि यह चयन केवल खिलाड़ियों के संघर्ष का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह मगध विश्वविद्यालय, गया कॉलेज, और पूरे बिहार के लिए एक प्रेरणा है। इन खिलाड़ियों का भविष्य क्रिकेट के क्षेत्र में और भी उज्जवल होगा, और उनका यह कदम निश्चित रूप से अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

> ● विजय हजारे ट्रॉफी चयन हमारे विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है: कुलपति

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम एवं आशा फैसिलिटेटर का प्रशिक्षण संपन्न

लोक तंत्र कीआवाज



**काशीचक।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, काशीचक में पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा एफपीएल (परिवार नियोजन लॉजिस्टिक्स) मैनेजमेंट पर एएनएम और आशा फैसिलिटेटर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण पापुलेशन फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि नवीन कुमार पांडे द्वारा दिया गया। उन्होंने प्रशिक्षण के उद्देश्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को परिवार नियोजन सामग्री की आपूर्ति एवं प्रबंधन के बारे में प्रभावी तरीके से अवगत कराया, जिससे समुदाय में परिवार नियोजन सेवाओं की सुलभता और गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके। इसके साथ ही, अरमान, गया की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रेमा सिन्हा द्वारा मोबाइल एकेडमी, किलकारी एवं अनमोल एप पर उन्मुखीकरण सत्र आयोजित किया गया। दुसरे सत्र में भारत सरकार के किलकारी कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें गर्भवती महिलाओं एवं एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए लाभकारी बताया गया है, उन्होंने बताया कि जिनका रजिस्ट्रेशन आरसीएच पोर्टल पर किया गया है। उन्हें एमओएचएफडब्ल्यू (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) द्वारा आईवीआर कॉल के माध्यम से मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और टीकाकरण से संबंधित नियमित सलाह दी जाती है। प्रशिक्षण में एएनएम एवं आशा फैसिलिटेटर को यह बताया गया कि गर्भवती महिलाओं एवं एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों की माताओं को बीएचएसएनडी एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान साइट पर 14423 पर कॉल करने और उनके आरसीएच-पंजीकृत नंबर से जानकारी देने हेतु प्रेरित किया जाए, ताकि लाभार्थी किलकारी सेवा का अधिकतम लाभ उठा सकें।इसके अलावा, अनमोल एप के माध्यम से सभी गर्भवती महिलाओं का गर्भ के 90 दिनों के भीतर पंजीकरण करने और प्रथम प्रसव पूर्व जांच 90 दिनों के भीतर पूरी कर उसे अनमोल एप पर डिजिटाइज्ड करने की प्रक्रिया पर भी प्रशिक्षण दिया गया। इससे आरसीएच डाटा एंट्री की गुणवत्ता में सुधार होगा और लाभार्थियों को समय पर प्रसव पूर्व जांच और किलकारी सेवा का लाभ मिल सकेगा। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जीवेश, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक विजय कुमार ,प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक आशुतोष कुमार, एएनएम एवं आशा फैसिलिटेटर सहित कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## चिकित्सक की लापरवाही से मरीज की मौत, परिजनों में मचा कोहराम, सिविल सर्जन और विधायक अस्पताल पहुंचकर परिजनों को किया शांत

लोक तंत्र कीआवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा में चिकित्सक की लापरवाही से एक मरीज की मौत हो गयी है ,जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गया ,जिसके बाद स्थानीय एमएलए ने संज्ञान लिया और सिविल सर्जन को सूचना दी। सूचना पर पहुंची सिविल सर्जन ने बारीकी से पुछताछ एवं निरीक्षण किया। यह घटना जिले के हिसुआ थानाक्षेत्र के हिसुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र की है। आपको बता दें कि हिसुआ थानाक्षेत्र के बजरा ग्राम विजय पासवान पिता स्व.प्रसादी पासवान का पेट में दर्द और गैस का शिकायत थी ,जिसके बाद वह अपने परिजन के साथ हिसुआ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र में इलाज के लिए आया ,जहां अप्रशिक्षित आयुष चिकित्सक द्वारा इलाज किए जानें लगा। चिकित्सक ने बिना किसी जांच के एक इंजेक्शन लगा दिया ,जिसके तुरंत बाद युवक की मौत हो गयी। मृतक के परिजन ने बताया कि अस्पताल में पदस्थापित आयुष चिकित्सक डॉ॰ ज्योति किशोर द्वारा फरवरी 2025 की एक्सपायर होने वाली इंजेक्शन लगाया और लगाते हीं , वो छटपटाने लगे और तुरंत मौत हो गयी। मौत होते हीं चिकित्सक भाग खड़े हुए और अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल हो गया। परिजन आक्रोश में आ गए और अस्पताल के पदस्थापित चिकित्सक की लापरवाही के बात कह रहे थे। अस्पताल में सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गयी ,जिसके बाद स्थानीय विधायक नीतू कुमारी को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर अस्पताल पहुंची हिसुआ विधायक नीतू कुमारी ने कहा अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही की लगातार शिकायत मिलते रहती है। इसके पूर्व में भी अप्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा कई मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया गया है। इस बार भी आयुष चिकित्सक ज्योति किशोर ने मांस में देने वाले इंजेक्शन को नस में दे दिया गया ,वह भी जल्द में जिसके कारण मौत हुई है। विधायिका ने कहा यहां के चिकित्सा प्रभारी ड्यूटी से गायब रहते हैं ,जिसके कारण यहां पदस्थापित चिकित्सक भी ड्यूटी छोड़कर फरार रहते हैं। अप्रशिक्षित नर्स और आयुष चिकित्सक और ड्रेसर के सहायता से मरीज का इलाज होता है। अगर सुधार नहीं हुआ ,तो अस्पताल में मरीजों के जिंदगी से खिलवाड़ होता रहेगा। हंगामे के बाद पहुंची सिविल सर्जन डॉ॰ नीता अग्रवाल ने मृतक के परिजनों से पूछताछ किया। वहीं परिजनों के आरोप को जांच करते हुए इलाज कर रहे चिकित्सक से बात की। सिविल सर्जन ने कहा आयुष चिकित्सक डॉ॰ ज्योति किशोर ने इंजेक्शन सही दिया ,लेकिन इंजेक्शन देने का तरीका गलत था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद सारी तथ्य सामने आएगा। बहरहाल चिकित्सक पर कार्रवाई किया जाएगा। हिसुआ थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने दल - बल के साथ अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल पहुंच गए।



## बामसेफ के प्रशिक्षण शिविर में मूलनिवासी हुए फुले और अंबेडकर के विचारों से दीक्षित

लोकतंत्र की आवाज



**नवादा 26 फ़रवरी ।** नवादा जिला मूलनिवासी संघ एवं बाम सेफ के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को गढ़ पर स्थित बामसेफ कार्यालय में मूलनिवासियों के बीच प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली से आये बामसेफ के राष्ट्रीय प्रचारक और संविधान प्रबोधक उमेश रजक ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया ।उन्होंने फूले-अंबेडकरवादी आंदोलन के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए इससे जुड़े कई संगठनों की भूमिका की सराहना की और प्रशिक्षुओं को महात्मा फुले एवं अंबेडकर के सूक्ष्म इतिहास से अवगत कराया । खासकर ब्राह्मणवादी व्यवस्था में शूद्रों और अछूतों पर होने वाले भयानक अत्याचार का स्मरण दिलाते हुए उमेश रजक ने कहा कि शुद्र , दलित या पिछड़े वर्ग के शोषण का मुख्य कारण अशिक्षा ही रही है जिसे महात्मा फुले ने सामाजिक विश्लेषण करते हुए एक कविता के माध्यम से बताया था । प्रशिक्षण शिविर में फुले और अंबेडकर के आदर्शो का भारत बनाने का फार्मूला भी बताया गया जिसमें हर घर में भारतीय संविधान का फार्मूला प्रमुख है । पूर्णकालिक प्रचारक रामफल पंडित ने कहा कि मूलनिवासियों को अंबेडकर वाङ्गमय पढ़ना जितना जरूरी है उतनाही जरूरी यह भी जानना है कि अंबेडकर ने क्या पढ़ा था । संजय कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को डायरी भेंट करते हुए आज के मूल पाठ को आवश्यक दस्तावेज के रूप में संजो कर रखने की प्रेरणा दी मौके पर विनोद कुमार , शतीस कुमार , बाल्मीकि प्रसाद , रोहित कुमार , प्रवीण कुमार , अमित कुमार , अजय , मुकेश समेत सैकड़ो मूलनिवासी उपस्थित होकर प्रशिक्षण लेते रहे ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर ट्रेन की चपेट में आकर कावड़या युवती की मौत

**रिपोर्ट महताब अहमद**

बिजनौर के मंडावर थाना क्षेत्र मे एक कावड़ यात्री महिला की ट्रेन से टकराकर दर्दनाक मौत हो गई मृतका की पहचान तैयबपुर उर्फ काजीवाला गांव निवासी मोनी उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई जब वह अपने तीन-चार साथी कावड़ यात्रियों के के साथ बालावाली चन्दक रेलवे ट्रैक के पास से रेलवे ट्रैक के किनारे चल रही थी इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई परिवार वालों को सूचना मिलते ही दोड़ी दुख की लहर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है

### पिहानी : विधायक ने फीता काटकर रोड का किया शिलान्यास



**ब्यूरो रितेश मिश्रा**

पिहानी/हरदोई कुंवरपुर बसीठ में गोपामऊ विधान सभा से भाजपा विधायक श्याम प्रकाश ने विधायक निधि से निर्माण होने वाली रोड ब्रजेश द्विवेदी के मकान से पूर्व प्रधान प्रतिनिधि विजय द्विवेदी(पुन्नू)के मकान से होते हुए राजाराम के मकान तक रोड डामरीकरण का विधि विधान से पूजन कर फीता काटकर शिलान्यास किया।इसके बाद विधायक ने पुन्नू द्विवेदी के घर पर बैठ कर जनता की समस्याओं को सुना।ग्रामीणों ने कुंवरपुर से मनियापुर रोड निर्माण और हाईमास्क लाईट लगबाने और गौरिया से अब्दुल्लानगर मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की। जन समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने हेतु विधायक ने जनता को आस्वस्त किया।जनता ने भी विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा, गिरीश बाजपेयी, गोपाल मिश्रा पतौन, बबलू द्विवेदी राभा, अमित त्रिवेदी, विपुल शुक्ला, रमेश त्रिवेदी, मोहित तिवारी, बुद्ध प्रकाश अवस्थी, राजकुमार अवस्थी, राहुल, मिश्रा, सौरभ अवस्थी, शुभम द्विवेदी, तुषार बाजपेयी, पुन्नू द्विवेदी, मनोज द्विवेदी, डब्बू मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### हर बिजनौर वासी की मांग गंगा एक्सप्रेस -वे- बिजनौर से होकर गुजरे

**रिपोर्ट महताब अहमद**

**मंडावर/बिजनौर।** आदित्यनाथ के नाम संबोधित किया गया था जिसमें मांग की गई थी कि क्षेत्र के सर्वागिड़ विकास के लिए गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से होकर निकाला जाए जनपद बिजनौर का ऐतिहासिक संस्कृति महत्व है यह महाराज भारत की जन्मस्थली है साथी मां गंगा का प्रवेश द्वार भी स्थिति है प्रदेश में सबसे अधिक लगभग 115 किलोमीटर लंबाई में गंगा एक्सप्रेस से बिजनौर होकर बाटी है इसके अलावा राजा दुष्यंत और शकुंतला की प्रेरणाय स्थल भी यही है जहां मिलन संगम गंगा नदी में होता है साथ ही भगवान कृष्ण ने हस्तिनापुर में राजा दुष्यंत के 56 लोगों को त्याग कर महात्मा विदुर के निवास हुजुर्ग ड्यूटी में भजन न ग्रहण किया था जो बिजनौर के ग्राम संध्यवर स्थित है और उसे समय हस्तिनापुर के सैन्य मुख्यालय था कि वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नजीबाबाद से गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से निकलना की बात कही थी जो अब तक पूरे नहीं हो सके यदि एक्सप्रेस बिजनौर से नहीं निकला तो बिजनौर विकास की ऊंचाई से वंचित रह सकता है इस अवसर तहसील मीडिया प्रभारी मंडावर बिजनौर आबिद अंसारी। नगर अध्यक्ष आकिल हुसैन मौजूद रहे।

# बलिया : पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब और तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़




**घनश्याम तिवारी**

**बलिया ।** पुलिस अधीक्षक बलिया ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर व क्षेत्राधिकारी नगर श्यामकान्त के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस को मिली सफलता । बुधवार को निरीक्षक विश्वनाथ यादव ( सर्विलांस) उपनिरीक्षक हितेश कुमार ( स्वाट टीम ) थाना कोतवाली पुलिस टीम के उ0नि0 गिरीजेश सिंह मय फोर्स द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन तलाश वांछित वारन्टी व देखरेख क्षेत्र में रवाना होकर गडवार तिराहे पर चैकिंग कर रहे थे कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली एक ब्रेजा कार में हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब छुपाकर बिहार ले जा रहे हैं और उनकी गाड़ी माल्देपुर मोड के पास खराब हो गयी है। जो सडक के किनारे खडी है यदि जल्दी की जाय तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर पुलिस टीम माल्देपुर मोड पर सडक के किनारे खड़ी ब्रेजा कार के पास पहुंची तो पुलिस टीम को एकाएक सामने देखकर गाडी में बैठा चालक एकदम सकपका गया और गाडी का गेट खोलकर भागना चाहा की मोके पर ही आवश्यक बल प्रयोग करते हुए उसे पकड लिया गया तथा पकडे गये व्यक्ति का नाम पता पूछते हुए भागने के कारण पूछा गया तो अपना नाम सनी कुमार पुत्र लल्लन प्रसाद निवासी कंकडबाग थाना कंकडबाग जिला पटना बिहार उम्र करीब 30 वर्ष बताया तथा बताया कि मेरी गाडी में आगे पीछे डिग्गी में अंग्रेजी शराब की बोतले भरी हुई हैं जिन्हे मैं हरियाणा गुडगाव से लेकर आ रहा हूं और पटना जा रहा था कि होली के त्यौहार में ऊंचे दाम पर बेचकर काफी मुनाफा कमाऊंगा लेकिन मेरा दुर्भाग्य है कि मेरी गाड़ी खराब हो गयी और मैं पकडा गया। बरामदशुदा वाहन का निरीक्षण करते हुए तलाशी ली गयी तो गाडी के डिग्गी में अंग्रेजी शराब रेड लेबल की 78 बोतल तथा ब्लैन्डर 70 बोतल, तथा सिग्नेचर 08 बोतल तथा पीछली सीट के बीच में रायल स्टैग 65 बोतल, वैलेनटाईन 37 बोतल, तथा ड्राईवर के साईड वाली सीट के आगे ब्लैक एन्ड व्हाइट 20 बोतल तथा 100 पाईपर की 08 बोतल तथा ब्लैक डाग की 06 बोतल प्रत्येक बोतल .750 एमएल की है तथा बैलेन्टाईन व रैड लैबेल पर न तो कोई बार कोड लगा है और न ही किस प्रदेश में बनी है या किस प्रदेश में बिक्री करनी है अंकित नहीं है तथा सिग्नेचर, ब्लैन्डर प्राइड, रायल स्टैग, ब्लैक एन्ड व्हाईट, 100 पाईपर तथा ब्लैक डाग की प्रत्येक बोतल पर बार कोड लगा है तथा फार सेल इन हरियाणा आनली लिखा है इस तरह कुल गाडी से 292 बोतल अंग्रेजी शराब भिन्न भिन्न ब्रान्ड की कुल 219 लीटर बरामद हुई । पुलिस टीम द्वारा गाडी पर लगी नम्बर प्लेट को चेक किया गया तो चेचिस नं0 व इंजन नं0 से भिन्न पाया गया । बरामद कार का नम्बर प्लेट, चेचिस नं0 व इंजन नं0 अलग अलग है जो कूटरचित है जानबूझकर धोखा देने की नीयत से दूसरी गाडी का नम्बर प्लेट लगाया गया था। तत्पश्चात पूछने पर अभियुक्त शनि कुमार माफी मांगते हुए बोला कि यह गाडी पर नम्बर प्लेट फर्जी लगी है और इसका इंजन नं0 और चेचिस नं0 भी अलग अलग है क्योंकि मैं धोखा देने के लिए ही फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर गाडी चलाता हूं। पकडे गये अभियुक्त शनि कुमार को न्यायालय चालान किया गया।

## ऑल इंडिया संपादक संघ का केक काट कर मनाया गया स्थापना दिवस



लोक तंत्र कीआवाज

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** ऑल इण्डिया संपादक संघ का दूसरा स्थापना दिवस कलेक्ट्रेट कचेहरी निकट पुराना आर टीओ ऑफिस सीतापुर में राष्ट्रीय सचिव सतीश आर्य व जिला अध्यक्ष सन्तोष कुमार राव सहित सभी पदाधिकारियों के द्वारा केक काटकर मनाया गया।उपस्थित सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव ने कहा ऑल इंडिया संपादक संघ का यह दूसरा स्थापना दिवस मनाया गया, भारत का सबसे पहला संगठन है।जिसका भारत देश के सत्रह राज्यो में गठन किया जा चुका है व ज्यादा से ज्यादा जिलों के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जा चुकी है।ऑल इंडिया संपादक संघ पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ने का काम करता है।पूरे देश से अधिक से अधिक संपादक जुड़कर ऑल इंडिया संपादक संघ को मजबूती प्रदान करने का काम कर रहे हैं। संघ के पदाधिकारियों के द्वारा पत्रकारों को न्याय दिलवाने का काम किया जाता है। जिससे हम सब अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं। ऑल इंडिया संपादक संघ के स्थापना दिवस के मौके पर ऑल इंडिया संपादक संघ के संरक्षक रामसेवक कनौजिया,जिला अध्यक्ष सन्तोष कुमार राव,विधि सलाहकार एडवोकेट जे.के. आनंद,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भयंकर सिंह, जिला महासचिव एस.के. तूफानी,जिला महामंत्री कुलदीप राठौर,जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट अरुण कुमार राज,जिला मंत्री अखिलेश गौतम,जिला संयोजक ललित कुमार, जिला सचिव देवेंद्र कुमार, मंगेश कुमार वर्मा,रियासत अली सिद्दीकी नितिन प्रकाश,जितेन्द्र कुमार सहित तमाम पत्रकार व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## हनुमान गढ़ी मंदिर में चलाया गया सार्थक स्वास्थ्य सहयोग शिविर

लोकतंत्र की आवाज़



**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के बेहतर स्वास्थ्य हेतु सार्थक सहयोग फाउंडेशन के द्वारा हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में लगाया गया चिकित्सा शिविर। सार्थक सहयोग फाउंडेशन ने निदेशक शशांक चतुर्वेदी ने बताया कि बाबा बालेश्वर जी के भव्य बारात में लाखों की संख्या में भक्तगण आते हैं उनको किसी भी प्रकार की चिकित्सा सेवा के लिए हमने यह शिविर का आयोजन किया था। मंदिर के पुजारी कृष्ण नारायण तिवारी के द्वारा वैदिकरीतियों वैदिक परम्परा के द्वारा तथा बलराम पाठक उर्फ बिजलियां बाबा के द्वारा कार्य का शुभारंभ किया गया। शिविर में डॉ अंकित चौबे तथा रमन मिश्रा के द्वारा लोगों का इलाज कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम के संचालक दुर्गेश चतुर्वेदी ने बताया कि हम कार्य को बाबा बालेश्वर के आशीर्वाद और सहयोग से पूरा किए और हम यहां निरन्तर लोगों को आवश्यक अनुसार शिविर लगाते रहेंगे। कार्यक्रम में विशेष योगदान गिरिजानन्द सेवा संस्थान के अध्यक्ष विश्वेश चतुर्वेदी का रहा। आकाश यादव, अनीश , रंजीत कुमार एवं अन्य के द्वारा मरीजों विवरण लिया गया जिससे उनको बेहतर स्वास्थ्य दिया जा सके।

## उत्तराखंड:देहरादून पुलिस ने नगर निगम के सफाई कर्मचारी को चोरी की लाखों रुपए की नगदी और जेवरात के साथ किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़

**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**

देहरादून पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियुक्त अंकित नगर निगम में सफाई कर्मचारी है। दिनांक 21/2/25 को इंदिरानगर सीबीआई ऑफिस के पीछे पार्क के पास सफाई करने के दौरान उसने अक्षय कपिल पुत्र स्वर्गीय चंद्र किरण कपिल निवासी मकान नंबर 1453,इंदिरानगर, वसंत विहार ,को अपने परिजनों के साथ बैग लेकर कहीं बाहर जाते देखा, जिस पर उसके द्वारा उक्त बात अपने साथी सूरज साहनी को बताते हुए उक्त घर मे चोरी की योजना बनाई तथा योजना के मुताबिक रात में उक्त बंद घर की खिड़की की ग्रिल और जाली तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद अभियुक्तों द्वारा पकड़े जाने के डर से चोरी के माल को चाय बागान के पास एक खंडर में छिपा दिया, जिसे अभियुक्त बेचने की फिराक में ले जा रहे थे, पर इस दौरान पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दोनो अभियुक्तों की तलाशी में उनके पास से उसके पास से 02 हैंडबैगो में रखे सोने चांदी के आभूषण एवं नगदी बरामद हुई गिरफ्तार अभियुक्त सूरज साहनी पूर्व में भी मादक पदार्थों की तस्करी व अन्य अपराधों में जेल जा चुका है, जिसके विरुद्ध जनपद के अलग-अलग थानों में मादक पदार्थों की तस्करी व अन्य अपराधों के कई अभियोग पंजीकृत है। चोरी की उक्त घटना में पुलिस ने वादी द्वारा तहरीर अंकित की गई ज्वेलरी व नगदी से कई गुना अधिक ज्वेलरी व कीमती सामान की बरामदगी की गई है।



## बिजनौर: शिव भक्तों की सेवा में उतरी थाना मंडावली पुलिस की शिव भक्तों ने की प्रशंसा

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**बिजनौर।** थाना मंडावली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भागूवाला स्वामी अवधेशानंद चौकी इंचार्ज संजय यादव के नेतृत्व में मंगलवार को सुबह 9:00 बजे से 10:00 बजे तक टोल के समीप सिविर लगाकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे शिव भक्त कावड़ियों को चौकी इंचार्ज और पुलिस स्टाफ ने दूर दराज से हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे शिव भक्त कावड़ियों को शिव भक्ति में लीन होते हुए प्रसाद के रूप में केले बिस्किट और फ्रूटी का वितरण किया। इस दौरान इस कार्यक्रम में क्षेत्र के मीडिया कर्मी भी शामिल रहे। प्रसाद वितरण करते समय चौकी इंचार्ज के मुंह से जय भोले की जय शंकर की बोल निकल रहे थे। जवाब में शिव भक्त भोले और भोले भी जय भोले के नारे लगाते हुए प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। इस दौरान चौकी इंचार्ज संजय यादव के साथ एस आई राहुल कुमार तेवतिया, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार, हेड कांस्टेबल योगेश कुमार, मीडिया कर्मी पी एस राठी, राजेंद्र सिंह, मुकेश कुमार राजपूत, मोबिन हसन, मुस्तकीम अहमद, चौकी इंचार्ज संजय यादव के नेतृत्व में सभी ने मिल जुल कर प्रसाद वितरण किया। थाना मंडावली पुलिस हर कदम पर शिव भक्तों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए बीच-बीच में कावड़ियों की सेवा कर पुण्य भी कमा रही है। पुलिस की सुरक्षा के बीच शिव भक्त भी जोश के साथ आगे बढ़ रहे हैं तो उनके उत्साह को पुलिस और बढ़ा रही है।

## कार को आग लगाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो रितेश मिश्रा**

हरदोई कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर में 20 फरवरी को सुबह चार बजे दो गाड़ियों में आग लगने के मामले में कोतवाली पुलिस ने छानबीन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों को पुलिस तलाश कर रही है।आपको बता दें 20 फरवरी को सुबह चार बजे दो चार पहिया वाहनों में आग लगने की घटना का वीडियो वायरल होने पर कोतवाली पुलिस ने संज्ञान लेकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार संदिग्ध लोगों को चिन्हित किया था।23 फरवरी को कुलदीप मिश्रा पुत्र मोतीलाल मिश्रा द्वारा कोतवाली शहर पर तहरीर दी गयी कि एक नामजद व 3 अज्ञात ने उसके भाई की घर के बाहर खड़ी कार स्वीफ्ट डिजायर में आग लगा दी।कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।कोतवाली शहर पुलिस के उपनिरीक्षक इरफान अहमद ने आरक्षी विपिन कुमार और योगेश के साथ अभियोग में प्रकाश में आये अमन पुत्र राजेश कुमार निवासी मोहल्ला आलूथोक और सजल पुत्र राजीव निवासी मोहल्ला आजाद नगर को गिरफ्तार किया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

## बिजनौर: भारतीय किसान यूनियन प्रधान का दो दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन समझौते के बाद समाप्त

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**नहटौर।** थाना क्षेत्र के गांव जरीफपुर चतर निवासी भारतीय किसान यूनियन प्रधान के मंडल सचिव लवी चौधरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हल्दौर से एक शादी समारोह से वापस लौटते समय रघुनाथपुर के पास लगभग 9 बजे घात लगाए बैठे प्रंकुल कुमार पुत्र प्रीतम सिंह निवासी नूरपुर खेड़की व बाबू सिंह और पप्पू पुत्र गेंदा सिंह लाईनमन निवासी फरीद नगर ने लवी चौधरी की गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी आगे लगाकर गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। तहरीर में रवि चौधरी ने कई और गंभीर आरोप लगाए हैं। किसान यूनियन मंडल सचिव लवी चौधरी ने भारतीय किसान यूनियन प्रधान के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को सूचना दी कि नहटौर पुलिस मेरी तहरीर पर उपरोक्त दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाही नहीं कर रही है। लवी चौधरी ने नहटौर पुलिस पर आरोप लगाकर किसान यूनियन के पदाधिकारियों को 25 एवं 26 फरवरी की रात्रि को ही भारतीय किसान यूनियन प्रधान बिजनौर के जिलाध्यक्ष विशाल बालियान के नेतृत्व में नहटौर थाने पर रात्रि के 11 बजे से किसान यूनियन मंडल सचिव लवी चौधरी को न्याय दिलाने के लिए धरने पर बैठ गए। किसान यूनियन के धरने से नहटौर पुलिस हरकत में आई तो आरोपियों ने लवी चौधरी से समझौता कर पुलिस को फैसला दे दिया कि हम दोनों पक्ष एक दूसरे पर कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं।भारतीय किसान यूनियन प्रधान ने अपना धरना दोपहर 2 बजे समाप्त कर दिया धरने पर बैठे जिलाध्यक्ष विशाल बालियान, मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार प्रजापति, प्रमोद जिला सचिव कपिल देशवाल अरुण ठाकुर महबूब अली आफताब सिद्दीकी नसीम सिद्दीकी मोहम्मद फैयाज मोहम्मद फैसल मोहम्मद शाकिर विशाल ठाकरान मोहित चौधरी आदि सैकड़ो किसान यूनियन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी धरने पर उपस्थित रहे।

## पूजन अर्चन के साथ विधायक मानवेन्द्र सिंह रानू ने पेट्रोल पंप का किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो रितेश मिश्रा**

बिलग्राम/हरदोई सवायजपुर विधानसभा से लोकप्रिय विधायक मानवेन्द्र सिंह रानू ने महाशिवरात्रि पर्व विशेष पर जनपद हरदोई के सेमरा सांडी रोड पर सादिकपुर कुंदरौली में आयोजित एक भव्य समारोह में एचपी पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया।वैदिक रीति रिवाज के साथ नैमिषारण्य धाम के पुरोहित सूरज अवस्थी ने पूजन अर्चन कराते हुए पेट्रोल पंप का उद्घाटन महाशिवरात्रि पर्व के दिन शुभारंभ कराया, जो इस आयोजन को और भी विशेष बनाता है। इस अवसर पर विधायक ने पेट्रोल पंप के संचालक शिवम शुक्ला को शुभकामनाएं दीं और उनके व्यवसायिक उद्यम के लिए समर्थन की बात की। आज के युग में, पेट्रोल पंपों का उद्घाटन न केवल आर्थिक विकास का संकेत है, बल्कि यह क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान करता है। पेट्रोल पंप की स्थापना से स्थानीय समुदाय को विभिन्न सेवाएं मिलने लगती हैं, जैसे कि ईंधन की खपत, वाहन मरम्मत, और अन्य संबंधित सेवाएं। इसके अलावा, यह व्यवसाय स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहित करता है और उत्पादों की उपलब्धता में सुधार लाता है। महाशिवरात्रि का पर्व हिन्दू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता।

## संक्षिप्त खबरें

### महाशिवरात्रि पर मोरवा खुदेनेस्वर धाम पर लाखों श्रद्धालु ने किया जलाभिषेक



लोकतंत्र की आबाज

मोरवा/समस्तीपुर। जिले के मोरवा प्रखंड स्थित एक ऐसा मंदिर जो विश्व विख्यात है। एक ही गर्भ गृह के नीचे ज्योर्तिलिंग महादेव बाबा भोलेनाथ एवं मजार की पूजा अर्चना की जाती है। बता दें कि बिहार के देवघर के नाम से विख्यात है यह ऐतिहासिक पर्यटक स्थल बाबा खुदनेश्वर धाम। जानकारी के अनुसार ऐतिहासिक पर्यटक स्थल बाबा खुर्दनेश्वर धाम मंदिर के प्रांगण में मंदिर न्याय समिति इंद्रदेव शर्मा के अनुसार प्रथम दिन बुधवार को अहले सुबह से ही शाम तक करीब 1लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। साथ ही हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे। मंदिर समिति के अनुसार कुंभ मेला की तरह यहां भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमर परी है श्रद्धालुओं का जन सैलाब पहुंच गया है। जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं ने बोल बम–हर हर महादेव के नारों से पूरा मंदिर परिसर सहित क्षेत्र को गूंजे मान कर दिया। ताजपुर पुलिस एवं मंदिर के दो दर्जन से अधिक सदस्य के द्वारा करी व्यवस्था के बीच जलाभिषेक कराया गया।महाशिवरात्रि के मौके पर आकर्षक शिव बारात निकाली जाएगी। मंदिर नयाय समिति इंद्रदेव शर्मा के अनुसार महाशलाभिषेक 27 फरवरी को आले सुबह से शुरू होगा। मौके पर अध्यक्ष इंद्रदेव शर्मा के साथ, दिनेश झा, मंदिर के मुख्य पुजारी चंदन भारती, शिव गण अध्यक्ष महेश कुमार झा, विभूति नाथ झा, मनोज कुमार झा, विजय कुमार लाल, अंकित कुमार, सुशील कुमार वर्मा सहित दर्जनों सदस्य लगातार व्यवस्था में लगे हुए रहे।

### बिहपुर: घर में आग लगने से लाखों का समान जल कर राख, घटनास्थल में पहुंचे प्रशासन



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। बुधवार को झंडापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहपुर – जमालपुर पंचायत के वार्ड दो में लगभग पांच बजे बबलू साह पिता स्व राजकुमार साह फल विक्रेता के घर में अचानक आग लगने से करीब लाखो के समान के साथ घर पूरी तरह घर जल कर राख हो गये। आग लगते ही गांव में अफरातफरी मच गयी। लोग इधर–उधर भागने लगे। आग की लपटें आसमान छू रही थी। आग लगने की सूचना मिलते ही झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार व एक छोटी दमकल लेकर घटनास्थल पर पहुंचे तबतक ग्रामीणों की मदद से एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तबतक पूरा घर चल कर खाक हो गया था। घर फूस व ईट के थें ।आग लगने के कारणों का स्पष्ट रूप से पता नही चल सका है। घर व घर में रखा अनाज, फर्नीचर, कपड़े, फल दुकान के अनेकों प्रकार के फल सहित नकदी पूरी तरह जलकर राख हो गये। सूचना मिलते ही बिहपुर विधायक ई कुमार शैलेंद्र तुरंत जमालपुर गांव पहुंच कर अग्निपीड़ित से मिले और घंटों खड़े होकर आग बुझाने में ग्रामीणों की मदद .की। इधर बिहपुर – जामलपुर पंचायत के पूर्व पंसस विभाकर कुमार उर्फ राजा व समाजसेवी ताराकांत राय अग्निपीड़ित के मुआवजे के लिए बिहपुर अंचलाधिकारी लवकुश कुमार से टेलिफोनिक बात किया।

### सूर्यगढा विधायक प्रहलाद यादव ने लाखोचक ब्राह्मणी थान के नजदीक भोयका पहाड़ी पर हुए घटना को निंदनीय बताया



लोक तंत्र कीआवाज

लखीसराय । सूर्यगढा विधायक प्रहलाद यादव ने लाखोचक ब्राह्मणी थान के नजदीक भोयका पहाड़ी पर हुए घटना को लेकर कहा कि यह निंदा की बात है दोनों ना तो बेचारा बाहुबल था न ही और कुछ था बल्कि मजदूरी करने वाला था अब किस कारण से इसे मारा है ये अनुसंधान का विषय है। हालांकि इस काम को जिसने भी किया है वह निश्चित रूप से घिनौना काम किया इसका सही ढंग से, कानूनी तरीके से इसको पेपर में लावे और कानूनी रूप से इसका अनुसंधान करे। इसमें कोई राजनीति न करे और ईमानदारी से काम हो तो यह पता चल जाएगा कि दोनों का हत्या क्यों हुआ और किसने किया।ये सही है कि हत्या के कारणों का पता अनुसंधान में पता चल जाएगा चुकी ये गरीब आदमी था बाहुबली होता तो कहा जाता की आपसी दुश्मनी में मारा गया। इन्होंने कहा कि हमे एक शंका होता है कि चानन में दारू का बहुत ज्यादा धंधा काफी तेजी से होता है। इनमें कुछ लोग ऐसे है जो मजदूरी पर कभी अ को तो कभी इ को ढोने का काम करता है इसमें ऐसा तो नहीं कि जो अ का काम कर रहा था उसने इ का काम पकड़ लिया जिसके कारण यह हत्या हो गई और बाकी दूसरा दूर दूर तक हमे कुछ नजर नहीं आता है। वही प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर इसे गलत बताते हुए कहा कि इसमें दम नहीं है, प्रेम प्रसंग का कोई मामला ही नहीं दिखता है ये शराब से जुड़ा मामला है। आज शराब के कामों में महिला और पुरुष दोनों काम करता है जो जितना ज्यादा पैसा देता है वो लोग उस हिसाब से काम करता है। आज चानन में बहुत बड़े पैमाने पर तेजी से शराब का काम हो रहा है अब प्रशासन को पता है या नहीं है ये कह पाना मुश्किल है।

### मड़वा से गोलीकांड के प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। झंडापुर थाना पुलिस ने मंगलवार की देर रात गुप्त सूचना पर मड़वा गांव वार्ड नम्बर 6 से गोलीकांड कांड के प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार ने बताया कि अभियुक्त संजय चौधरी पिता स्व दशरथ चौधरी हैं ।जिसे बुधवार को मेडिकल जांच करवाकर न्यायिक हिरासत में नवगछिया जेल भेज दिया गया।

# हुसैनपुर में कुशवाहा एकता संघ ट्रस्ट के द्वारा उमर शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती पर पर चर्चा समारोह आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



मोरवा/समस्तीपुर। मोरवा प्रखंड क्षेत्र के मरीचा पंचायत के हुसैनीपुर गांव ओमप्रकाश कुशवाहा उर्फ हरिओम के आवासीय परिसर में कुशवाहा एकता संघ ट्रस्ट के बैनर तले बुधवार को अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 103वीं जयंती पर परिचर्चा समारोह आयोजित किया गया। संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा, डॉ. बलराम सिंह, लखन सिंह कुशवाहा, डॉ. मनोहर प्रसाद सिंह, रामजी प्रसाद सिंह, रामचंद्र युगल किशोर संजय सिंह, डॉ सतीश कुशवाहा आदि लोगों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समारोह की अध्यक्षता रामजी प्रसाद सिंह व संचालन डॉ मनोहर प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम के में एक सौ से अधिक गणमान्य लोगों को माला व चादर से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जय लाल प्रसाद सिंह कुशवाहा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जगदेव प्रसाद की जीवनी पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए प्रकाश डाला।

वही सर्वसम्मति से बिहार सरकार से 2 फरवरी को जगदेव प्रसाद की जयंती को ध्यान में रखते हुए एक दिन का अवकाश घोषित करने, उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने, अमर शहीद जगदेव प्रसाद की जीवनी को पाठ्य पुस्तक में शामिल करने सहित आदि की मांग किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुशवाहा एकता संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा उर्फ हरिओम ने सभी बातों पर सहमति जताते हुए अमर शहीद जगदेव प्रसाद की व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। कुशवाहा एकता संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा ने कहा कि बीते वर्ष के द्वारा 36 कन्याओं का सामूहिक आदर्श विवाह कराया गया था। इस संघ का मुख्य उद्देश्य है कि किसी भी जाति के लोग हो असहाय निर्धन हो तो उसे सहयोग प्रदान करना। संघ हर हाल में लोगो की सहायता करता है। कुछ दिन पहले फ्री मेडिकल कैंप आयोजित किया गया था। जिसमें करीब पाँच हजार से अधिक लोगों का निशुल्क उपचार के साथ दवा वितरण हुआ। संघ के अध्यक्ष श्री कुशवाहा ने कहा कि आने वाले समय में वृद्ध आश्रम भी खोला जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी मेधा प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा।

कुशवाहा एकता संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश कुशवाहा ने कहा कि हमारे समाज के बच्चे शिक्षित होंगे तो क्षेत्र सहित जिला एवं देश का नाम रोशन करेंगे और आगे बढ़ते रहेंगे इसलिए शिक्षा सभी के जीवन में महत्वपूर्ण। मौके पर कुशवाहा एकता संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा उर्फ हरिओम, सचिव लाखन सिंह कुशवाहा, कोषाध्यक्ष डॉ बलिराम सिंह, युगल किशोर सिंह, डॉक्टर मनोहर प्रसाद सिंह, रंजन कुमार, संजय कुमार सिंह, डॉक्टर सतीश कुमार, सुनील कुमार सिंह, डॉक्टर राजेश सिंह, देवनारायण सिंह, रामानंद कुशवाहा, रामचंद्र प्रसाद सिंह, भोला प्रसाद सिंह, केदार प्रसाद सिंह, विनोद कुमार सिंह, बाहरी प्रसाद सिंह, डॉ बी एन सिंह, श्याम सुंदर त्यागी,लाल बाबू कुशवाहा, विनोद कुशवाहा विषणदेव कुशवाहा, राजकुमार राकेश, अशोक सिंह, मंजू देवी सहित सैंकड़ो संघ लोग एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## दो लोगों की हत्या को लेकर एसडीपीओ शिवम कुमार ने कहा स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषी को सजा दी जाएगी



लोक तंत्र कीआवाज

लखीसराय। दो लोगों की हत्या को लेकर एसडीपीओ शिवम कुमार ने बताया कि जानकीडीह की बबीता देवी के द्वारा बन्नूबगीचा को सूचना दी गई कि उनके पुत्र और निक्कू दोनों चानन थाना अंतर्गत बड़हिया बाबा जहां आदिवासियों का मेला लगता है वहां 18 तारीख को मेला देखने गए थे तब से नहीं मिला इसमें तत्काल एफ आई आर दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया गया। इस दौरान कुछ इलेक्ट्रॉनिक और ऑडियो साक्ष्य प्राप्त हुए इनमें मिली जानकारी के आधार पर तीन लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है कांड भी अनुसंधान अंतर्गत है। पूछताछ से जो सूचना मिला उसके आधार पर आज बुधवार 26 फरवरी को लाखोचक पहाड़ी क्षेत्र से दोनो का शव बरामद किया गया है। वही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। इसमें घटना में कुछ और लोगों की संलिप्तता पाई गई है अनुसंधान में किसी प्रकार की परेशानी न हो प्रभावित न हो इसके लिए विस्तार से नाम का उल्लेख करना उचित नहीं होगा। बीते 24 से 48 घंटे में और भी गिरफ्तारियां होगी।

त्वरित गति से अनुसंधान बढ़ाते हुए एक पुख्ता चारशीट सबमिट करेंगे और स्पीडी ट्रायल से इसमें सजा दिलवाने का कार्य करेंगे। मामले का उद्भेदन जल्द पूरा किया गया था इसमें निशानदेही पर बरामदगी का कार्य चल रहा था पहाड़ी का व्यापक विस्तार है जो जमुई तक भी है इसके लिए हमलोग पूछताछ कर बरामदगी में लगे हुए थे और आज बरामद भी हुआ है। घटना के कारणों पर बताया कि मिले साक्ष्य के अनुसार प्रेम प्रसंग का भी मामला आ रहा है और साथ ही कुछ और एंगल भी आ रहा है इसको प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तार पूर्वक बताया जाएगा फिलहाल कुछ ज्यादा डिटेल शेयर करते है तो फरार लोग जो वांछित हैं को सहयोग मिल जाएगा और अनुसंधान प्रभावित हो जाएगा। वही शराब को लेकर भी एंगल को भी देखा जा रहा है अगर ये एंगल आता है तो उसे जोड़ा जाएगा। फिलहाल अनुसंधान सही दिशा में जा रहा है और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है वही पीड़ित को चल रहे अनुसंधान के बारे में बताया गया है वही बताया गया है कि आगे क्या होना है इसका एसपीडी ट्रायल कर दोषी को सजा दिलवाया जाएगा।

## बंगाल की लड़की को बिहपुर रेल थानाध्यक्ष सुदामा पासवान के नेतृत्व में किया गया बरामद

- अपहरण के 48 घंटे के अंदर किया पुलिस ने किया बरामद

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। दो दिन पूर्व बिहपुर प्रखंड के एक ईट भट्ठे पर मजदूरी कर रहें कोच बिहार बंगाल के मजदूर की बेटी का प्रेम प्रसंग एवं शादी के नियत से अपहरण का मामला प्रकाश में आया था।जिसके लड़की के पिता ने बिहपुर रेलवे जीआरपी में प्रेम प्रसंग मे शादी की नियत से अपहरण का मामला दर्ज कराया था।मामले में बिहपुर प्रखंड के झंडापुर गांव निवासी प्रमोद को नामजद आरोपी बनाया था ।जिसको लेकर बिहपुर रेलवे जीआरपी पुलिस ने टीम गठित कर 48 घंटे के भीतर ही बिहपुर एन एच 31बस स्टैंड बिहपुर के पास से आरोपी एवं नाबालिक लड़की को बरामद किया ।रेल थानाध्यक्ष सुदामा पासवान ने बताया कि पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी।जिसमें गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार की देर रात लड़की एवं आरोपी बिहपुर झंडापुर निवासी प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया गया।

न्यायिक हिरासत में खगड़िया जेल भेज दिया गया ।मालूम हो कि सोमवार की सुबह करीब 12 ईट भट्ठे पर काम रहे बंगाल के मजदूर मफीजुल शेख अपने परिवार के साथ थाना बिहपुर रेलवे स्टेशन से अवध असम एक्सप्रेस पकड़ने स्टेशन पहुंचे थें ।जहां उनकी नाबालिग बेटी का शादी के नियत से अपरहण कर लिया गया था ।

# पीरपैंती: रेलमंत्री ने नए सीरे से चौड़ा अंदर पास निर्माण का दिया आश्वाशन

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। मालदा रेल मंडल के अंतर्गत रेलवे लाइन के दोहरीकरण के बाद अम्मा पाली हाल्ट से होकर गुजरने वाली प्रधानमंत्री सड़क संख्या 80 के निर्माण से आवागमन बाधित हो गई थी ।उसे समय रेल प्रशासन ने स्लीपर गार्ड लगाकर रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर दिया था ।जिससे लोगों को खास का छोटी बड़ी गाड़ियों को आने जाने में कोई रास्ता ही नहीं बचा था ।जिसको लेकर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सह सांसद प्रतिनिधि झुंपा सिंह ने खुद और ग्रामीणों के सहयोग से मिलकर अंदर पास बनाने हेतु मालदा रेल मंडल के मंडल वाणिज्य प्रबंधक से मिलकर एक आवेदन दिया था।



जिसकी प्रतिलिपि सांसद अजय मंडल ,आयुक्त भागलपुर, जिला पदाधिकारी भागलपुर ,सहित रेल मंत्री एवं प्रधानमंत्री को भेजा गया था ।उसके बाद रेलवे की टीम जांच करने आई और 2.4 मीटर चौड़ा पुल बनाने का प्रस्ताव दिया ।इस प्रस्ताव से ग्रामीणों में गहरा रोष देखा गया। क्योंकि इतनी सकरी पुल के माध्यम से लोगों का आवागमन और चार चक्के वाहनों का आगमन बाधित हो जाता है ।इसके लिए सांसद महोदय ने रेल मंत्री को एक पत्र लिखा, जिसमें अंदर पास की चौड़ाई बढ़ाने की मांग की गई ।सांसद महोदय के पत्राचार के बाद रेल मंत्री ने चौड़ा पुल निर्माण के लिए जांच प्रतिनिधि भेजने का आश्वासन दिया ।इस आश्वासन से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। क्योंकि कम चौड़ा अंदर पाठ बनने से आने वाले समय में रेलवे स्टेशन, पावर प्लांट जाने का रास्ता, फोरलेन का रास्ता, सहित तीस से अधिक गांवों का आवागमन का एकमात्र रास्ता यही है।

इस कार्य के लिए सांसद प्रतिनिधि झुंपा सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि सांसद महोदय को पूरे ग्रामीण की तरफ से साधुवाद देता हूं जिन्होंने हमारी मांग को रेलमंत्री के पास पहुंचा और रेल मंत्री से सकारात्मक पत्र द्वारा सूचित किया गया ।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि झुंपा सिंह, चुन्नू सिंह ,पप्पू गुप्ता ,प्रमोद ठाकुर, ललित कुमार मंडल, शुभम कुमार ,राजेश कुमार ,पवन कुमार गुप्ता, अरुण यादव सहित आनेको ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाबा बजलेश्वरनाथ घाम की बरात में नाचते-झूमते चल रहे थे भूत-पिशाच

लोकतंत्र की आवाज

बज्रलेश्वरनाथ धाम में जलार्पण को उमड़े भक्त



मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के मड़वा गांव स्थित बाबा बज्रलेश्वर नाथ धाम में महाशिवरात्रि पर बुधवार को जलार्पण के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। इस दौरान मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गूंजता रहा।भक्तों ने मंदिर के पास के कुएं से जल भर कर बाबा को अर्पित किया। मान्यता है कि इस कुएं से जलाभिषेक करने से बाबा प्रसन्न होतो हैं और भक्तों की मनोकामना जल्द पूरी होती हैं। परिसर में लगे मेले का लोग जमकर लुफ्त उठा रहें हैं।

सुरक्षा व्यवस्था में झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार सहित पुलिस बल के साथ सक्रिय हैं।व्यवस्था में कमेटी के सरपंच प्रतिनिधि सह अध्यक्ष मनोहर चौधरी मुखिया प्रतिनिधि नरेश चौधरी, विमल शर्मा , सहित मड़वा के हजारों ग्रामीण व अन्य लोग लगे हुए हैं। वहीं शाम को मड़वा स्थित बाबाबज्रलेश्वरनाथ, बिहपुर के सर्वेश्वरनाथ, सोनवर्षा के गंगेश्वरनाथ और रेलवे कॉलोनी स्थित आरक्षीनाथ के मंदिर से भोलेनाथ की बरात निकली।इसमें भूत-पिशाच नाचते हुए चल रहे थे।बाबा की शादी देखने इलाके के श्रद्धालु मड़वा पहुंचे थे। वहीं चार दिवसीय मेले का उद्घाटन बिहपुर विधानसभा के विधायक ई. कुमार शैलेन्द्र , सरपंच प्रतिनिधि मनोहर चौधरी सहित कई लोग ने किया। झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु दलबल के साथ मुस्तैद थे।

## गायत्री शक्तिपीठ महाकाल मंदिर वार्षिकोत्सव 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ भव्यता के साथ हुआ शुरू

लोकतंत्र की आबाज



रामजी कुमार

समस्तीपुर। जिले के पूसा गायत्री शक्ति पीठ वैनी, पूसा के 5वे वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण,से राष्ट्रनिर्माण सहित युग निर्माण करने के लिए आवयश्क वातावरण तैयार करना इससे यज्ञ का मुख्य उद्देश्य है। विदित हो कि गायत्री यज्ञ के कारण वायु प्रदूषण, विचार प्रदूषण, को समाप्त कर प्राकृतिक को मजबूती प्रदान किया जाता है। यह विज्ञान के द्वारा साबित भी किया जा चूका है कि नौ कुण्डीय यज्ञ से अगल बगल 12 वर्ग किलोमीटर का वातावरण शुद्ध हो जाता है। और 24 कुण्डीय यज्ञ से 40 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र शुद्ध हो जाता है।

24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ शान्तिकुन्ज हरिद्वार के प्रतिनिधि एवं जोन समन्वयक शशिभूषण प्रसाद सिंह, कर्मकाण्ड संचालन शांतिकुंज टोली नायक धर्मेंद्र जी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गायत्री परिवार ट्रस्टी गायत्री शक्ति पीठ, वैनी पूसा,समस्तीपुर बिहार ने किया। महाशिवरात्रि को लेकर सुबह से ही शिवाभिषेक एवं गायत्री महायज्ञ दिन के 10 बजे से शुरू हुई, जिसके मुख्य यजमान डॉक्टर सुनील कुमार सिंह( बबलू )रहे। जिसमें बड़ी संख्या में उपनयन संस्कार, चूड़ाकर्म संस्कार, विद्या आरम्भ संस्कार, दीक्षा संस्कार कराए कराए जा रहे है ।सभी संस्कार एवं भोजन प्रसाद निःशुल्क कराए जा रहें। मौके पर मुख्य ट्रस्टी शिक्षाविद अरुण कुमार सिंह, कौशलेश कुमार सिंह, रमेश शर्मा, अभय सिंह, श्याम झा, शंभु शरण चौधरी, छोटे लाल दिन, प्रभात कुमार तुलसी, दीपक कुमार, विद्यानंद, आदित्य नाथ झा, धर्मेंद्र जी रोली नायक आदि सदस्य कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में लगे थे।

# महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए उमड़ा शिव-भक्तों का सैलाब, हर-हर महादेव की अनुगूंज से शिवमय हुआ इलाका

लोकतंत्र की आबाज



विद्यापतिनगर/समस्तीपुर। मिथिलांचल के देवघर कहे जाने वाले विद्यापतिधाम स्थित उगना महादेव मंदिर में बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महाशिवरात्रि के अवसर पर अहले सुबह से ही भक्त जलाभिषेक के लिए मंदिर परिसर में लंबी कतार में खड़े हो अपनी-अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों व लाइटों से सजाया गया है। मंदिर की खूबसूरती व भव्यता अद्भुत छटा प्रतिबिंबित कर रही थी। महाशिवरात्रि के अवसर पर आज करीब पच्चास हजार भक्त बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक किये। भक्तों की भीड़ की सहजता व सुलभता के मद्देनजर प्रशासन तत्पर दिखे।

वही सुरक्षा को मजिस्ट्रेट के रूप में राजस्व पदाधिकारी अरुण शर्मा, थानाध्यक्ष फिरोज आलम, एसआई सरिता कुमारी, एएसआई राकेश कुमार सहित भाड़ी संख्या में पुलिस बल मोर्चा संभाले हुए थे। सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में भक्त शिव का दर्शन व अभिषेक करने आते रहे। सुबह चार बजते ही मंदिरों में हर-हर महादेव का उद्घोष होने लगा। इससे पूरा माहौल शिवमय हो गया। भक्तजन तड़के ही उठकर स्नान करने के बाद शिव दरबार में जा पहुंचे। भारी भीड़ के चलते भक्तों को शिव का दर्शन करने व जलाभिषेक करने के लिए घंटों कतार में भी खड़े रहना पड़ा। हर हर महादेव, बम बम भोले के नारों से मंदिर दिन भर गूंजते रहे। अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए शाम तक भक्त मंदिर पहुंचते रहे। महाशिवरात्रि पर पूरे भक्ति भाव से शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। हाथ में पूजा की थाली और उसमें भांग, धतूरा, मिष्ठान, फूल, फल, घृत और दीपक साथ में गंगा जल लेकर शिव गृह में जलाभिषेक किया। शिव के प्रति भक्ति ऐसी कि बोल बम के जयकारे मंदिरों में गूंजते रहे। दोपहर बाद व्रती युवतियों व महिलाओं का जत्था ने विशेष रूप से पूजा अर्चना कर मंगलमय व सुखमय जीवन की कामना की। मुख्य पंडा कामेश्वर गिरि व अमरनाथ गिरि के नेतृत्व में विशेष श्रृंगार पूजा किया।

# लाखोचक ब्राह्मणी थान के नजदीक भोयका पहाड़ी पर दो दो लोगों की हत्या, मामला प्यार और शराब से जुड़ा हुआ

लोक तंत्र कीआवाज



लखीसराय। लाखोचक ब्राह्मणी थान के नजदीक भोयका पहाड़ी पर दो दो लोगों की हत्या करने के उपरांत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। वही इसको लेकर बुधवार 26 फरवरी 2025 को लाखोचक किऊल के मुख्य सड़कों पर हजारों की भीड़ लग गई। वही कुंदन कुमार जो दोनों का रिश्तेदार है ने बयान में बताया कि 18 फरवरी को बड़हिया थान बरमसिया मेले में लगने वाले मेले में वह गया होगा ऐसा हमलोग समझ रहे। वही दो दिन के मेले में जाने की समझ खोज बीन नहीं की पर लगातार जानकारी ना मिल पाने के उपरांत 22 फरवरी को [illegible] गुमशुदा के रूप में किया गया।

वही कुछ दिनों के बाद कॉल करने के उपरांत रिकॉर्डिंग में पूजा कुमारी कछुआ की,क्रांति कुमारी बरमसिया,सचिन कुमार गुणसागर की बात से संदेह पैदा हो गया। उसके उपरांत [illegible] में इसे जोड़कर अनुसंधान किया गया।बताया गया कि गोलू कुमार 14 वर्ष पिता तनिक यादव जानकीडीह का रहने वाला था लेकिन वह मामा घर ख़ुटुकपार में रहता था और बिक्कु कुमार 13 वर्ष पिता अनिल यादव गंगाटियाघाट बतसपुर में रहता था। इस दौरान फॉरेंसिक टीम फॉरेंसिक टीम ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में संग राजू कुमार संग संदीप कुमार जांच में पहुंचे।इस दौरान एसडीपीओ शिवम् कुमार ने जानकारी में बताया कि इसको लेकर रइ की टीम,जिला पुलिस,जमुई पुलिस लगातार खोज कर रही थी। वही साक्ष्य इक्कठा किया जा रहा है जिससे अपराधी बच नहीं पाए। इसको लेकर रस्त्रीट्रायल किया जाएगा। किसी भी स्तर पर शामिल लोगो को नहीं छोड़ा जाएगा। वही वर्तमान में मिली रिकॉर्डिंग कॉल के तथ्य पर तीन लोगो की बात से संदेह पैदा होने पर उन तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है। वही पीड़ित से बात करने पर बताया कि साक्ष्य इक्कठा किया जा रहा है, ट्रायल किया जाएगा अगर साक्ष्य इक्कठा नहीं हो पाएगा तो सजा नहीं हो पाएगा। अगर साक्ष्य इक्कठा हुआ तो अपराधी बच नहीं सकते हैं। शव 80 प्रतिशत सड़ चुका है इसे जल्द ही भागलपुर भेजा जाएगा आपका मामला अपवाद में नहीं जाएगा। वही इस दौरान दो चक्के की बिना नंबर वाली गाड़ी जिनका चेचिस नंबर MbIJAR826KGA06972 बरामद किया गया।


## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः पुलिस ने देशी चुलाई शराब व नेपाली कस्तूरी शराब किया बरामद



ब्यूरो चीफ शशिकांत
पूर्वी चम्पारणः एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर आदापुर पुलिस द्वारा थानांतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर झिटकहिया गॉव में छापामारी के दौरान रमीना देवी पति ढोराई साह साकिन झिटकहिया के घर से 120 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब (प्रत्येक 300 एमएल)और 20 लीटर देसी चुलाई शराब को जप्त किया गया।शराब बेचने के आरोप में रमीना देवी पति ढोराई साह साकिन झिटकहिया और वारंटी ध्रुव सहनी पिता विश्वनाथ सहनी साकिन कलवाड़ी, मंझरिया जगमोहन राय पिता बुधा राय के साथ शराब पीने में राकेश साह पिता जगन साह साकिन गम्हरिया खुर्द, अजय महतो पिता दीपलाल महतो साकिन गम्हरिया खुर्द, बालीराम पिता लखराज राम साकिन भावनारी, रुस्तम मियां पिता हदीश मियां साकिन सिरसिया कला, नसरुदीन मियाँ पिता यार मोहम्मद मियाँ साकिन शेखवा टोला, नितेंद्र साह पिता सत्यनारायण साह साकिन भावनरी और नानक पासवान पिता गणपत पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### महाशिवरात्रि को मटियरिया मेला में उमड़ा लोगों की भीड़। मेले में मटियरिया पुलिस व एसएसबी के जवान दिखे मुस्तैद



गौनाहा / प्रखंड में महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को मटियरिया में मेले का अयोजन किया गया। हालांकि यह क्षेत्र सुदूर और सीमावर्ती है इसके बावजूद भी मेला में श्रद्धालुओं की प्रत्येक वर्ष भारी संख्या में भीड़ देखने को मिलता है। मेले में सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए एसएसबी 65वीं बटालियन व मटियरिया थाना की पुलिस बल तैनात की गई थी। शिव मंदिर के मठाधीश जोगिंद्र महतो ने बताया कि इस मेले में दूर-दराज से सैकड़ों शिवभक्त श्रद्धालु आते हैं। इनकी सुरक्षा के लिए मेला कमेटी व पुलिस प्रशासन की ओर से मेला में आज श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था का बंदोबस्त प्रशासन के देखरेख में किया जाता है । महाशिवरात्रि के मौके पर प्रखंड के अनेकों मंदिरों में शिवभक्तों द्वारा जलावविषेक किया जाता है।वही इस मौके पर 65वीं बटालियन के मटियरिया बीओपी के मनोज कुमार, अखिलेश राम ,मटियरिया थाना के एएसआई इंद्रदेव यादव सहित पुलिस बल उपस्थित थे।

### जगन्नाथ प्रसाद स्वतंत्र की मनाई गई पुण्यतिथि

बगहा। प.चम्पारण के प्रख्यात दलित स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद, पूर्व विधायक स्व. जगन्नाथ प्रसाद स्वतंत्र की पुण्यतिथि पर बगहा नगर कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में मंगलवार को नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद के निवास स्थान पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण ने स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भुमिका पर विचार रखे। उनके विधायक रहते तत्कालीन मुख्य मंत्री श्री बाबू द्वारा बेतिया के बसवरिया में लेदर फैक्टरी बनवाने के साथ-साथ छावनी दलित बस्ती के साथ ही कटाव पिडीतो के लिए बगहा का रहमान नगर में पुनर्वासित किया जाना प्रमुख रहा। अपने संसदीय कार्यकाल में हीं उन्होंने बगहा छितौनी रेल पुल की मांग संसद में की जिसे जार्ज फर्नांडिस के कार्यकाल में पुरा किया गया ।इस बैठक की अध्यक्षता बगहा नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद ने की ।बैठक को वरीय कांग्रेस नेता हरिचंद पांडेय मोतिउर्रहमान उर्फ लाल बाबू श्री आदी ने सम्बोधित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।

# संजीवनी विकास फाउंडेशन द्वारा बीमा क्लेम की राशि लाभुकों के परिवार को मिली

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
भारतीय स्टेट बैंक की कुमार बाग शाखा से संबंधित मनुआपुल में संचालित संजीवनी विकास फाउंडेशन का ग्राहक सेवा केंद्र 3अ450436 की संचालिका राधा गुप्ता और सह संचालक सुबोध कुमार गुप्ता के प्रयास से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा धारक ग्राहक की मृत्यु होने पर उसकी नॉमिनी महादेव महतो को बीमा क्लेम की राशि सोमवार को प्रदान की गई। भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के आरएम निरंजन पांडे, मैनेजर एफआई रोहितेश रितु, शाखा प्रबंधक रत्नेश पांडे और संजीवनी विकास फाउंडेशन के जिला समन्वयक पदाधिकारी संतोष कुमार गुप्ता के हाथों मृत खाताधारक की आश्रित पति महादेव महतो को दो लाख रूपये बीमित राशि का चेक प्रदान किया। बताते चले की मृतक ने मनुआपुल में संचालित भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संबंधित संजीवनी विकास फाउंडेशन के ग्राहक सेवा केंद्र में कुछ समय पूर्व अपना खाता खुलवाया था। ग्राहक सेवा केंद्र

**मृत खाताधारक की आश्रित पति महादेव महतो को दो लाख रूपये बीमित राशि का चेक प्रदान किया**



की संचालिका राधा गुप्ता और सहसंचालक सुबोध कुमार गुप्ता के द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही बीमा स्कीम को इनके द्वारा बताया गया और उनके बातों से प्रभावित होकर खाताधारी ने अपना बीमा करवाया। उसने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत निर्धारित शुल्क देकर अपना निबंधन कराया था। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के आरएम निरंजन पांडे प्रबंधक ने बैंक के ग्राहकों को योजना से संबंधित जानकारी दी। वही संजीवनी विकास फाउंडेशन के जिला समन्वयक पदाधिकारी संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि केंद्र सरकार देश के नागरिकों को आर्थिक रूप से मजबूत और सुरक्षित करने के लिए कई तरह की स्कीमें चला रही है. ऐसी ही एक स्कीम है प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) 18 से 50 वर्ष के आयु समूह वाले उन व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है, जिनके पास एक बैंक खाता हो और जो इस योजना से जुड़ने, अपने खाते से ऑटो-डेबिट के लिए सहमति देते हैं। इस योजना के तहत, किसी भी कारणवश बीमाकृत व्यक्ति के मृत्यु होने के मामले में जोखिम सुरक्षा दो लाख रुपये है। प्रीमियम की राशि प्रति वर्ष 436 रुपये है, जि ?से बीमाधारक के द्वारा दिए गए विकल्प के अनुसार बैंक खाते से एक किश्त में ही प्रत्येक वार्षिक सुरक्षा समयावधि पर योजना के तहत 31 मई को या उससे पहले ऑटो-डेबिट किया जाता है। इस मौके पर सीएसपी संचालिका राधा गुप्ता, सहसंचालक सुबोध कुमार गुप्ता, संजीवनी विकास फाउंडेशन के आईटी गिरेंद्र कुमार यादव, एरिया मैनेजर विशाल कुमार राय, सुपरवाइजर रविंद्र कुमार ठाकुर, नरेंद्र कुमार यादव , सहित बैंक कर्मी व अन्य मौजूद थे।

### मोतिहारीः केसरिया में महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर निकाली गई शिव बारात की शोभायात्रा



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शशिकांत
पूर्वी चम्पारणे। केसरिया में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालु भक्तों ने किया जलाभिषेक। हर हर महादेव के नारों से गूंजता रहा पूरा भक्तिमय हुआ केसरिया।महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बाबा केसरनाथ की पावन धरती केसरिया में आयोजित भव्य शोभा यात्रा में शामिल सैकड़ों भक्तजन..। वहीं भारी भीड़ को देखते हुए केसरिया थानाध्यक्ष उदय कुमार, चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह, समेत अन्य कई पदाधिकारियों ने मोर्चा संभाल रखा था। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किए गए थें। पंडित दिनानाथ पाठक ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर श्रद्धालुओं ने धूमधाम से पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। एवं भगवान भोलेनाथ से सुख समृद्धि मनोकामनाएं मांगी। इस मौके पर समाजसेवी प्रमोद कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी इस पूजा-अर्चना में शामिल हो कर भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### केसरियाः ढेकहा मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर हजारों श्रद्धालु भक्तों ने किया जलाभिषेक



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शशिकांत
मोतिहारी। केसरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ज़लि के सुप्रसिद्ध धवल बाबा कर्ता बाबा ढेकहां मठ पर हजारों श्रद्धालु भक्तों ने महाशिवरात्री पर पूजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। इस दौरान हर हर महादेव के नारों से गूंजता रहा पूरा मठ परिसर, भक्तिमय हो गया पूरा वातावरण। वहीं ढेकहां मठ के महंत शत्रुघ्न दास ने कहा कि शिव एवं पार्वती जी की पूजा-अर्चना करने से सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है। ? आस्था और विश्वास में ही भगवान का वास होता है। दूर दूर के आएं भक्तों ने पूजा-अर्चना किया, एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर महंत शत्रुघ्न दास,एवं प्रमोद दास, अग्नीश कुमार पाण्डेय, समल दास, जयलाल गिरी, अमित शर्मा, कन्हैया पाण्डेय, बलिराम जी पाण्डेय, समेत कई श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहें।

### मदनपुर माई स्थान एवं सोमेश्वर धाम को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने को लेकर पटना में बिहार के पर्यटन एवं उद्योग मंत्री और पर्यटन सचिव से बाल्मीकि नगर सांसद ने की मुलाक़ात की

लोकतंत्र की आवाज

नीरज मिश्रा
मदनपुर। माई स्थान एवं सोमेश्वर धाम को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने को लेकर बाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार ने पटना में बिहार के पर्यटन एवं उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा और पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह से मुलाक़ात की।वही सांसद ने बताया, कि वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर माई स्थान एवं सोमेश्वर धाम धार्मिक आस्था का एक बड़ा केंद्र है।प्रतिदिन सैंकड़ो भक्तजन इन दोनों धार्मिक स्थलों का दौरा कर माता का दर्शन करते है।मेरी पहल पर मदनपुर माई स्थान में प्रसाद योजना के तहत पर्यटक सुविधाओं के निर्माण हेतु विहित प्रपत्र में प्रस्ताव जिला पदाधिकारी द्वारा पर्यटन विभाग को भेजा गया है जिसपर विभागीय मंत्री और सचिव से विस्तृत चर्चा हुई।सांसद सुनील कुमार ने कहा



कि सोमेश्वर स्थान भी धार्मिक और पर्यावरण पर्यटकों के लिए बड़े आकर्षण का केंद्र है।मेरी कोशिश है, कि यहाँ पर केवल कार, रोप वे, पेयजल, धर्मशाला, सामुदायिक शौचालय आदि की व्यवस्था हो, ताकि पर्यटक और तीर्थयात्री इन दोनों जगहों पर भारी मात्रा में आ सके।जिससे इस क्षेत्र का विकास हो सके।इन दोनों धार्मिक स्थलों को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने के लिए पटना मे मैंने बिहार के पर्यटन मंत्री और सचिव से भेंट की है।ज्ञातव्य हो कि पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह पूर्व में पश्चिम चंपारण के जिला पदाधिकारी भी रह चुकें है तो उनको मदनपुर माई स्थान और सोमेश्वर धाम के भौगोलिक स्थितियों के बारे में अच्छे से पता है और पर्यटन के दृष्टिकोण से इन स्थानों को विकसित करने को लेकर उनका विशेष सहयोग रहेगा।

## हर हर महादेव से गूंज उठा शिवालय, महाशिवरात्रि का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज

नीरज मिश्रा
बुधवार को महाशिवरात्रि का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। बगहा बनकटवा स्थित पक्की बावली शालिग्राम शिव मंदिर और रामनगर स्थित राज शिव मंदिर व इंग्लिशिया के जैनिटोला मे भी महाशिवरात्रि का पर्व बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया।यहां खास बात यह है कि सीमावर्ती नेपाल और उत्तर प्रदेश से भी हजारों श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे और श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरों के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।शिव भक्तों के जयजयकार और जय जय भोले शंकर के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा



है, बताया जा रहा है कि रामनगर के नीलकंठ नर्मदेश्वर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के पावन मौके पर अहले सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई है।हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने शिवलिंग पर दूध और और गंगाजल चढ़ाकर पूजा-पाठ करने के साथ भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की है।बताते चलें कि रामनगर राज में स्थित नीलकंठ नर्मदेश्वर शिव मंदिर सेन वंश के उत्तराधिकारी द्वारा स्थापित किया था।वही बगहा के बनकटवा में पक्की बावली में स्थित पौराणिक बाबा विशंभर नाथ मंदिर में शालिग्राम है।जिसका इतिहास करीब 200 साल पुराना है और जैनिटोला स्थित शिव मंदिर श्यामबरन साह द्वारा बनाया गया था जो, कि लगभग 200 साल पुराना है।वही कहा जाता है, कि जैनिटोला स्थित शिव मंदिर बहुत ही प्राचीन है और यहाँ जो भी मनोकामना मांगा जाता है वो पूरा होता है।

### थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ महाशिवरात्रि, भैरोगंज पुलिस प्रशासन रही सक्रिय

लोकतंत्र की आवाज

बुधवार को भैरोगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी ।शिव और शक्ति के मिलन की रात शिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारे मंदिरों में देखी गई। श्रद्धालुओं ने शिव पर गंगाजल और दूध से जला अभिषेक के साथ-साथ बेलपत्र भांग धतूरा पुष्प चंदन आदि चढ़ाकर भगवान भोले की पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिरों परिसर हर महादेव के नारे से गूंज उठा। थाना क्षेत्र में प्रत्येक मंदिरों को फूलों से सजाया गया था, मंदिर परिसर में मेला का भी आयोजन किया गया था। जहां थाना क्षेत्र के त्रिभौनी ,मंझरिया जगहों पर मेला का आयोजन किया गया । वही मेला के आयोजन को लेकर पुलिस



प्रशासन मुस्तैद रही। इस दौरान मंझरिया शिवालय परिसर में लगे मेले में शांति व्यवस्था कायम करने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय रही मौके पर भैरोगंज थानाध्यक्ष महेश कुमार ,एसआई अगम कुमार राम ,एएसआई मनकेश्वर सिंह सहित महिला एवं पूरुष पुलिस बल उपस्थित रहे ।वही मौके पर बीडीसी जयप्रकाश यादव ,ग्रामीण मुन्नू तिवारी ,अरविंद पांडे रामाधार शुक्ला, रमन कुमार उपाध्याय, पवन कुमार पांडे, त्रिलोकी नाथ पांडे, रामेश्वर पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गरीब आदमी पार्टी के नेता अवधलाल साह ने लगाई प्रयागराज महाकुंभ संगम नदी में डुबकी

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शशिकांत
पूर्वी चम्पारण। जिले के पताही थाना क्षेत्र अंतर्गत बखरी ग्राम के निवासी, व समाजसेवी सह गरीब आदमी पार्टी के कार्यकारिणी सदस्य अवधलाल साह प्रयागराज महाकुंभ संगम नदी में स्नान कर पुण्य के भागी बनें। वहीं उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर महाकुंभ में गंगा स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना किए की भगवान भोलेनाथ सबकी मनोकामना को पूर्ण करें। बता दें कि सैकड़ों वर्षों बाद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले का विशालतम आयोजन हुआ है। जिसमें करोड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस पावन अवसर पूर्वी चम्पारण



जिले भर से हजारों श्रद्धालु भक्तों ने डुबकी लगाई और मां गंगा की पूजा की।इसी के साथ महाकुंभ मेले का समापन हुआ।

### गौनाहाः महाशिवरात्रि के दिन सोफा व मठ मंझरिया मे लगी श्रद्धांलुओं की भीड़

लोकतंत्र की आवाज

गौनाहा । प्रखंड महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। सोफा मंदिर, मठ मंझरिया, पचगछिया, कहरगड्डी, मटियारिया आदि जगहों में भी भारी भीड़ देखने को मिली, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा करने पहुंचे। शिव भक्तों ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की शादी हुई थी। इस दिन का महत्व विशेष रूप से बहुत बड़ा माना जाता है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं, जहां भक्त बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए माथा टेकते हैं और पूजा करते हैं। इस अवसर पर सोफा मंदिर के पुजारी राजू नाथ और उनकी पत्नी कौशल्या देवी ने बताया कि शिवरात्रि पर लोग विशेष रूप से व्रत रखते हैं और नमक का सेवन नहीं करते। उन्होंने



बताया कि शिव भक्तों के लिए यह दिन बहुत खास होता है और इस दिन अधिकांश लोग व्रत रखते हैं, जिनमें कुछ फलाहार करते हैं, तो कुछ निराहार रहते हैं। महाशिवरात्रि का व्रत विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। पुजारी ने बताया कि इस दिन श्रद्धालु विविध प्रकार से पूजा करते हैं, जैसे फूल-माला, बेल पत्र और धतूरा चढ़ाकर भोले बाबा की पूजा करना। खासकर धतूरा चढ़ाने से बाबा बहुत खुश होते हैं। इसके अलावा, कई श्रद्धालु कच्ची लस्सी और दूध से शिवलिंग का अभिषेक करते हैं। इस दिन रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है, जो रात में होता है। मंदिर प्रबंधन कमेटी की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और भी सख्त किया गया है। महाशिवरात्रि के इस खास अवसर पर सोफा व मठ मंझरिया मंदिरों में शिव भक्तों का मेला लगा हुआ है, जहां भक्त पूरी श्रद्धा के साथ भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर रहे हैं और अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सुपौल में एक बार फिर चली गोली, बाइक सवार बदमाशों ने किशोर को मारी गोली



सुपौल :किशनपुर थाना क्षेत्र की मौजहा पंचायत स्थित मौजहा कोसी पुल के समीप दो बदमाशों ने एक किशोर को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल की पहचान दुबियाही पंचायत के वार्ड 13 दिघिया निवासी संजय यादव के पुत्र सुशांत कुमार (17) के रूप में हुई है। सुशांत के चाचा संतोष यादव ने बताया कि, सुशांत अपने घर से चाचा आशीष कुमार के साथ बाइक से कटहरा कदमपुरा पंचायत के खखई गांव में अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गया था. रात लगभग 10 बजे घर आ रहा था. इसी बीच रास्ते में मौजहा कोसी पुल के समीप पहले से घात लगाए दो बदमाश ने बाइक को रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए गोली चला दी. गोली सुशांत के सिर में लग गई. वह वहीं गिर गया. इसके बाद बदमाश आशीष के साथ मारपीट करने लगा. गोली की आवाज के बाद आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे. फिर आशीष ने घटना की सूचना सुशांत के पिता को दी. इसके बाद स्वजन ने घायल को सुपौल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया. यहां से डाक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया. स्वजन ने बताया कि उसे नेपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना को लेकर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार राय ने बताया कि, आवेदन नहीं मिला है स्वजन के फर्द बयान पर अनुसंधान जारी है. कहा कि, मौजहा से एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है. आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी.

### शिविर में 22 दिव्यांगजनों की हुई जांच,मिलेगा प्रमाणपत्र

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज नगर परिषद के माफी गढ़ स्थित रेफरल अस्पताल में मंगलवार को दिव्यांगता जांच शिविर आयोजित की गई। इस दौरान क्षेत्र के 22 दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन लिया गया।सीएचसी प्रभारी डा. आरती अर्चना के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के दिव्यांगजनों की जांच स्वयं प्रभारी चिकित्सक तथा डा आदम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नर्स व आशा कार्यकर्ताओं के अलावे स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग सराहनीय रहा। विभिन्न प्रकार के दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न काउंटर पर जांच की गई। मौके पर शरीर के विभिन्न अंगों से दिव्यांगजनों जिसमें कुछ दिव्यांग जनों जिनका जांच उपकरण उपलब्ध नहीं होने के कारण सीएचसी में संभव जांच हो सका। उन्हें नवादा रेफर किया गया। वारिसलीगंज के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजनों से लिए गए आवेदन की जांच पड़ताल कर जल्द ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दी जाएगी।बताया गया कि जो व्यक्ति जांच में किसी कारणवश छूट गए हैं या शिविर में उपस्थित नहीं हो सके हैं, उनके लिए पुनः शिविर आयोजित की जाएगी।

### प्रखंड युवा राजद के कार्यकारिणी की बैठक आयोजित



केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। युवा राजद के द्वारा प्रखंड कार्यकारिणी की एकदिवसीय बैठक स्थानीय विवाह भवन में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रभात कुमार और अबू कमर के द्वारा की गई। जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि जिला प्रभारी गुड्डू यादव और जिला अध्यक्षबसारुल हक थे। इस बैठक में सर्व सम्मती से निर्णय लिया गया कि पटना में 5 मार्च को आयोजित युवा चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया । यह भी निर्णय लिया गया कि पीरपैंती से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पटना मिलर हाई स्कूल में चलेंगे। तेजस्वी यादव का भाषण सुनकर लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर मुरली यादव ,रंजीत साह,जनसिर असलम, मुकेश कुमार ,कुंदन कुमार सोनू यादव ,मोहम्मद सज्जाद ,मणिकांत, चांद अली सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यादव' पर भाजपा को भरोसा नहीं..! नीतीश कैबिनेट में नहीं दी जगह, 2024 में BJP ने भूमिहारों को 'हाफ' तो 'यादवों' को किया था 'साफ'

लोक तंत्र कीआवाज

**पटना ।** बिहार की सबसे बड़ी आबादी वाली यादव जाति पर भाजपा को भरोसा नहीं. कैबिनेट विस्तार में यादव नेता को जगह नहीं दी गई. 2024 में भूमिहारों की हिस्सेदारी को हाफ किया गया था. हालांकि, नेतृत्व ने इस बार गलती सुधार किया है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की उल्टी गिनती शुरू हो गई है. चुनाव में भले ही कुछ महीने बचे हों, फिर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपने कैबिनेट का विस्तार किया है. भाजपा कोटे के सात विधायकों को मंत्री बनाया गया है. चुनाव से ठीक पहले मंत्रिमंडल विस्तार में जाति और क्षेत्र पर विशेष फोकस किया गया है. नेतृत्व ने सबको उचित हिस्सेदारी देने की कोशिश की है. हालांकि, बिहार की सबसे बड़ी आबादी वाली यादव जाति पर भाजपा को भरोसा नहीं. कैबिनेट विस्तार में यादव नेता को जगह नहीं दी गई। यादव पर भाजपा को भरोसा नहीं,:बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में एनडीए की जीत के बाद नई सरकार बनी थी. तब यादव समाज को कैबिनेट में प्रतिनिधित्व दिया गया था।

### 2024 में भूमिहारों की हिस्सेदारी को हाफ किया गया था



मुजफ्फरपुर जिले के औराई विधानसभा क्षेत्र से जीतकर आये रामसूरत राय को मंत्री बनाया गया था. नीतीश कैबिनेट में इन्हें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी. 2022 में एनडीए की सरकार चली गई और नीतीश कुमार महागठबंधन की सरकार चलाने लगे. जनवरी 2024 में फिर से एनडीए की सरकार बनी. तब से यादवों को मंत्रिमंडल से साफ किया जा रहा है. तब बीजेपी ने भूमिहारों को हाफ और यादवों को साफ किया था. यानि भाजपा ने अपने कोर वोटर भूमिहार से सिर्फ एक विधायक को मंत्री बनाया,जबकि यादवों को पूरी तरह से किनारे लगा दिया गया।

यादव जाति के कई नेताओं की चर्चा चल रही थी...आज 26 फरवरी को जब कैबिनेट का विस्तार हुआ तो भूमिहार जाति से आने वाले जीवेश मिश्रा को नीतीश कैबिनेट में शामिल कर हिस्सेदारी पूरी कर दी. लेकिन, यादवों पर भाजपा ने भरोसा नहीं किया. इस बार के कैबिनेट विस्तार में भी इस जाति को जगह नहीं मिली. जबकि यादव समाज से आने वाले कई विधायकों के नाम की चर्चा थी. लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दल के किसी यादव विधायक-विधान पार्षद पर भरोसा नहीं जताया. दरअसल, भाजपा को लगता है कि पार्टी चाहे जो भी पद दे, लेकिन विधानसभा चुनाव में यादव जाति के वोटर एनडीए को वोट नहीं करेंगे. यादव जाति के वोटर आज भी राजद से जुड़े हैं. लिहाजा शीर्ष नेतृत्व ने यादवों पर भरोसा करने की बजाय, अति पिछड़ी जाति के वोटरों में अपनी पैठ को और मजबूत बनाने में जुटी है. यही वजह है कि आज सात मंत्रियों में दो अति पिछड़ी जाति से आते हैं। इन विधायकों ने मंत्री पद की ली है शपथ;रीगा से विधायक मोतीलाल प्रसाद(तेली) अति पिछड़ी जाति से हैं. सिकटी से विधायक विजय मंडल (कैवर्थ) अति पिछड़ी जाति से आते हैं. साहेबगंज से भाजपा के विधायक राजू सिंह (राजपूत) हैं. बिहारशरीफ से विधायक सुनील कुमार (कुशवाहा ) हैं. जाले से जीवेश मिश्रा (भूमिहार) हैं. अमनौर से विधायक कृष्ण कुमार मंटू (कुर्मी) और दरभंगा के विधायक संजय सरावगी (वैश्य) जाति से आते हैं।

## पकरीबरावा: धमौल पुलिस ने स्निफर डॉग की मदद से पकड़ा शराब



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** धमौल पुलिस ने स्निफर डॉग के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर शराब के विरुद्ध छापेमारी की। इस दौरान शराब बरामद किया गया। स्निफर डॉग की मदद से घर में एवं जमीन के अंदर गाड़कर रखे गए शराब बरामद किए गए। थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने बताया कि स्निफर डॉग के साथ धमौल, पड़रिया सहित कई जगहों पर छापेमारी की गई। धमौल बस स्टैंड के संजय चौधरी के घर से दो लीटर शराब बरामद किया गया। वहीं, धमौल पीएनबी के पीछे खेत में गाड़कर रखे तीन लीटर शराब बरामद किया गया। कुल पांच लीटर शराब बरामद कर थाना लाया गया। दोनों ही मामलों में शराब धंधेबाज बच कर भाग निकला। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

## भागलपुर:अखंड कीर्तन का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर ग्राम माल मोहनपुर गोराडीह पंचायत में युवा संघ समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से 24 घंटे का कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा संघ समिति के अध्यक्ष टुनटुन मंडल और रजनीश आनंद प्रखंड अध्यक्ष लोजपा रामविलास और पंचायत अध्यक्ष बादल कुमार और मंदिर के पुजारी रामदेव गोस्वामी एवं अनेक ग्राम वासियों उपस्थित थे। कीर्तन के आयोजन के पहले विशाल कलश यात्रा भी निकल गई । मंदिरों में ग्रामीणों के सहयोग से शिव विवाह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार मुक्त एवं समृद्ध गांव ही विकसित राज्य का रास्ता है: विनय कुमार सिंह, महापरिवर्तन आंदोलन गोह के शिष्टमंडल सदस्यों के साथ बैठक,

लोकतंत्र की आवाज



गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर, गोह (औरंगाबाद) प्रखंड मुख्यालय के पुंदौल गांव स्थित समाजसेवी विंदेश्वरी शर्मा के आवास पर गौतम कुमार की अध्यक्षता में महापरिवर्तन आंदोलन के शिष्टमंडल सदस्यों के साथ बैठक की गई। इस बैठक के मुख्य अतिथि 1987 बैच के वरिष्ठ आईपीएस सह बिहार में एसटीएफ पुलिस बल का गठन करने वाले अधिकारी विनय कुमार सिंह के द्वारा जिला के सभी गांवों में ग्राम समिति गठन करने के लिए अपील की है। इस ग्राम समिति गांव में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण तैयार करने को लेकर प्रयासरत रहेगी। इस क्रम में शिष्टमंडल के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से गोह प्रखंड के बीसों पंचायत में ग्राम समिति बनाने पर बल दिया है। ग्राम समिति के पन्द्रह सदस्यों को महीने में एक दिन गांव के सभी लोगों के साथ बैठक करेंगी। ग्राम समिति के द्वारा महीने में एक बार गांव में सामुहिक स्वच्छता अभियान चलाएगी। जिसे गंदगी से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचा जा सके। गांव में हो रहे छोटी मोटी झगड़े को बातचीत के माध्यम से गांव में ही सुलझाने का प्रयास किया जाए। भ्रष्टाचार से पीड़ित और निर्दोष व्यक्तियों को बचाने के लिए ग्राम समिति प्रयास करेगी। इस कार्य में प्रखंड शिष्टमंडल ,जिला शिष्टमंडल, और राज शिष्टमंडल के सदस्य उनकी मदद करेगी। गौरतलब है कि आईपीएस अधिकारी विनय कुमार सिंह बिहार के बारह जिलों में महापरिवर्तन आंदोलन अभियान को चला रहे हैं। जिसका उद्देश्य जिला की खुशहाली और बिहार के गौरवशाली अतीत को पुनर्स्थापित करना है। गोह प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने इस तरह के पहल को सराहना की और इस अभियान से जुड़ने में अपने दिलचस्पी प्रदर्शित की है। इस तरह के आयोजन को लेकर दधपी पंचायत के इंदल कुमार चंद्रवंशी, गोह के सुशील कुमार रजक, हसामपुर पंचायत के सरपंच धनंजय उपाध्याय, पूर्व मुखिया उषा शर्मा, नागेंद्र प्रसाद, ब्रजेश कुमार, ग्राम रक्षा दल के जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह,कामदेव चंद्रवंशी, सिकंदर कुमार,श्रवण कुमार गुप्ता, चंदन कुमार, सिद्धनाथ पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## खगड़िया:दर्जनों बीजेपी कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए

लोक तंत्र कीआवाज



**खगड़िया।** खगड़िया बेगूसराय जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित बेगूसराय,खगड़िया एवं समस्तीपुर जिले के संयुक्त कांग्रेस समागम जिसमें एआईसीसी द्वारा नवनियुक्त बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद डॉक्ट अखिलेश प्रसाद सिंह, महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में खगड़िया कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुमार भानु प्रताप उर्फ गुड्डू पासवान द्वारा गोगरी प्रखण्ड महेशखूंट के खगड़िया भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री राज कुमार चौरसिया उर्फ श्री शंकर चौरसिया ने अपने समर्थकों सहित दर्जनों बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस भवन, बेगूसराय में आयोजित खगड़िया, बेगूसराय एवं समस्तीपुर के कांग्रेस समागम सभा में बीजेपी छोडकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए तथा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्ट अखिलेश प्रसाद सिंह ने कांग्रेस में शामिल हुए सभी लोगों को माला पहना कर स्वागत किया तथा उन सभी को कांग्रेस में शामिल करने की घोषणा की।उक्त मौके पर जिला उपाध्यक्ष बुद्धदेव प्रसाद यादव, कुन्दन कुमार सिंहा, मनोज मिश्रा,जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार अधिवक्ता, जिला सचिव राजीव उर्फ गुड्डू,कांग्रेस एस सी जिला अध्यक्ष पप्पू कुमार पासवान,गोगरी प्रखण्ड अध्यक्ष रविन्द्र चौरसिया, खगड़िया प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज चौधरी, नगर अध्यक्ष रौशन चंद्रवंशी,प्रदेश डेलीगेट उदय यादव, राजीव कुमार रंजन, संतोष चंद्रवंशी,चंदन कुमार यादव उपस्थित थे और बीजेपी से कांग्रेस में शामिल होने पर बधाई दिए।

## वारिसलीगंज : बुढ़वा महादेव की निकली बारात,श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज नगर व प्रखंड क्षेत्र के शिवालयों में बुधवार की रात महा शिवरात्रि के अवसर पर शिव-पार्वती विवाहोत्सव का आयोजन हुआ।बाजार के गुमटी रोड के बुढ़वा महादेव मंदिर से शिव की भव्य बारात निकली। सैकड़ों शिव भक्त हर हर महादेव का जयघोष करते हुए बारात के साथ साथ चल रहे थे। नगर व प्रखंड क्षेत्र के शिवालयों में बुधवार की रात महा शिवरात्रि के अवसर पर शिव-पार्वती विवाहोत्सव का आयोजन हुआ।बाजार के बुढ़वा महादेव मंदिर से शिव की भव्य बारात निकली।सैकड़ों शिव भक्त हर हर महादेव का जयघोष करते हुए बारात के साथ साथ चल रहे थे। ढोल-नगाड़े की धुन पर कोई भूत-बैताल बनकर तो कोई सर्प की माला पहन भक्ति भाव में लीन दिखे।बारात बाजार के विभिन्न मोहल्लों के अलावा देवी स्थान रोड,उत्तर बाजार,स्टेशन रोड, मेन रोड, थाना चौक, सूर्य मंदिर आदि स्थानों का भ्रमण किया।देर रात में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भोले नाथ की पूजा अर्चना के साथ विवाहोत्सव कार्यक्रम किया गया।प्रखंड के कुटरी प्राचीन शिव मंदिर, ठेरा के टटेश्वरनाथ महादेव समेत विभिन्न शिवालयों से शिव की बारात निकली। महाशिरात्रि के अवसर पर महिला,पुरुष,बच्चे,युवक, युवतियां उपवास रखकर भोले नाथ को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर सुख शांति व आरोग्य जीवन की कामना की।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर नरैनापुर कैलाशनगर के शिवमन्दिर के प्रांगण मे अंतर्राजकीय दंगल प्रतियोगिता का किया गया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

महाशिवरात्रि के अवसर पर बगहा स्थित नरैनापुर कैलाशनगर के वार्ड संख्या 8 के शिवमन्दिर के प्रांगण में अंतर्राजकीय दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन मेरा स्वाभिमान संस्था के अध्यक्ष सह बगहा विधानसभा के भावी प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल के द्वारा किया गया।इस दंगल में देश के विभिन्न राज्यों के पहलवानों ने हिस्सा लिया।प्रारंभ में कुशीनगर(उत्तरप्रदेश)तथा पाकड़गाँव(बिहार) के पहलवानों ने अपना दम दिखाया।जिसमें कुशीनगर के पहलवान ने पाकड़गाँव के पहलवान को पराजित कर मुकाबला को जीता।वही दिनेश अग्रवाल ने पहलवानों का हौसला अफजाई करते हुए पूरे आयोजन कमिटी को धन्यवाद दिया और कहा की समय समय पर इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए।साथ ही दंगल को बढ़ावा देने के लिए प्रखंड स्तर पर मैट उपलब्ध कराने को कहा।मौके पर चार बार के नेशनल खिलाड़ी तथा दो बार गोल्ड मेडल पाने वाले पहलवान प्रेमशंकर सिंह आयोजन कमिटी के छोटेलाल पहलवान, वार्ड पार्षद कुंदन सिंह, वार्ड पार्षद राजन गुप्ता, जितेन्द्र कुमार, नसीम अशरफ, प्रेम कुमार, नरेश यादव सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## राजद कार्यकर्ता ने मानवाधिकार का उल्लंघन किया दलाल सारनाथ राम के द्वारा मानवाधिकार के गंभीर रूप से उल्लंघन

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** कैमूर जिला अंतर्गत मोहनिया अंचल के ग्राम अमरपुरा में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता सह जमीन खरीद-बिक्री के दलाल सारनाथ राम के द्वारा मानवाधिकार के गंभीर रूप से उल्लंघन का मामला प्रकाश में आया है, ग्राम अमरपुरा के अनुसूचित जाति टोला के आम रास्ता जिससे सभी वर्ग के महिला पुरुष का आना-जाना रहा है, को बलपूर्वक अतिक्रमण करके दीवार बनाकर बंद कर दिया गया है। इसी मामले में विरोध करने पर फलस्वरुप दिनांक 14 फरवरी 2025 के शाम 6:30 बजे उनके परिजनों ने लाल बिहारी राम के घर पर हमला कर कई लोगों को बुरी तरीके से घायल कर दिया, मोहनिया थाना पर घायल लोग तत्काल गए जिन्हें अनुमंडलीय अस्पताल मोहनिया समुचित इलाज हेतु भेजा गया, पर सारनाथ राम के प्रभाव से जख्मी लोगों का समुचित इलाज नहीं हो पाया सारनाथ राम के प्रभाव में पुलिस में पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया है ।सारनाथ राम एवं उनके परिवार के लोग खुले आम घूम रहे हैं जबकि लाल बिहारी राम के परिजनों को गिरफ्तार करने की धमकी दी जा रही है, अनुमंडलीय अस्पताल में समुचित इलाज नहीं होने पर लाल बिहारी राम एवं अन्य घायलों ने दिनांक 23 फरवरी 2025 को सदर अस्पताल के मूल के इमरजेंसी में इलाज कराया पूरे प्रकरण के जांच हेतु दिनांक 22 फरवरी 2025 को पुलिस अधीक्षक कैमूर से मिलकर आवेदन पत्र दिया गया है जिस पर पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहनिया को जांच का आदेश दिया है, पर अभी तक जांच नहीं की गई है और लाल बिहारी राम एवं उनके परिवार के घायलों को गिरफ्तार करने की धमकी दी जा रही है दर्जनों ग्रामीणों ने सारनाथ राम के द्वारा किया गया है।अतिक्रमण के विरुद्ध आवेदन पत्र दिया है। ग्राम अमरपुरा के सभी जाति धर्म के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कैमूर से आग्रह किया है कि इस मामले में ईमानदारी पूर्वक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहनिया से जांच कराई जाए एवं साक्ष्यों खुद समीक्षा की जाए। जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके यदि लाल बिहारी राम के परिजनों को गिरफ्तार किया गया और उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई तो ग्रामीणों की ओर से इस मामले को उच्च न्यायालय पटना राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के समक्ष ले जाया जाएगा और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सहरसाः 120 लीटर कोरेक्स कफ सिरप के साथ एक स्कॉर्पियो बरामद



लोकतंत्र की आवाज
महिषी सहरसा संवादाता ।जिले के महिषी थाना पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए 120 लीटर कोरेक्स कफ सिरफ के साथ एक स्कॉर्पियो को बरामद किया था। मौके से ही एक कोरेक्स कारोबारी और स्कार्पियो चालक को गिरफ्तार किया गया था। सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर अवैध नशे के कारोबारी के खिलाफ कारोबारी की जा रही है। इस दौरान महिषी थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि गंडौल की तरफ से थाना क्षेत्र की ओर एक गाड़ी में कोरेक्स के साथ कारोबारी आ रहे हैं। जिसके बाद बलुआहा स्थित पस्तपार चौक के निकट वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान एक स्कॉर्पियो पर सवार चालक पुलिस गस्ती टीम को सड़क पर देखकर गाड़ी घूमा कर भगाने का प्रयास किया ।जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसकी तलाशी लिए जाने पर स्कॉर्पियो में छिपा कर रखे गए 1200 बोतल कुल 120 लीटर कोरेक्स कफ सिरफ बरामद किया गया था। मौके से ही कोरेक्स कारोबारी और स्कार्पियो चालक जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र के चौराही गांव, वार्ड नंबर – 3 निवासी ओपन यादव के पुत्र निरंजन कुमार की गिरफ्तारी की गई थी। जिसको लेकर महिषी थाना कांड संख्या – 55/25 दर्ज की गई थी। छापामारी टीम में महिषी थाना अध्यक्ष जयशंकर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार और पुलिस बल शामिल था। गिरफ्तार कोरेक्स कारोबारी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था।

### महाशिवरात्रि पर भगवान शिव पर किया गया जलाभिषेक



लोकतंत्र की आवाज
दीपक कुमार
गायघाट। महाशिवरात्रि को लेकर बुधवार को जिले भर के शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गयी. जिला मुख्यालय के शिवमंदिर समेत सभी शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की कतार सुबह चार बजे से ही लगी थी. महाशिवरात्रि को लेकर जिले के शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था. जिला मुख्यालय के शिवमंदिर में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु रुद्राभिषेक कर भगवान शिव की पूजा की. मंदिर परिसर में काफी भीड़ उमड़ने के कारण लोगों को जल चढ़ाने में थोड़ी परेशानियो का सामना भी करना पड़ा. हालांकि प्रशासन के द्वारा श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस के जवान तैनात किये गये थे. भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के लिए लोगों को कतार में लग कर मंदिर में प्रवेश करवाया जा रहा था.

### पत्नी से तलाक को लेकर चल रहे विवाद के दौरान पिता को पुत्रों ने घेर कर पीटा

लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। सदर थाना क्षेत्र के नया बाजार, वार्ड नंबर 12 निवासी भूषण प्रसाद सिंह के पुत्र अजय कुमार सिंह ने पत्नी और पुत्रों के ऊपर व्यवहार न्यायालय से निकलने के दौरान मारपीट कर घायल करने और लूटपाट मचाने की शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि वर्ष 1999 में उनकी शादी खगड़िया जिले के राकोड़ीह गांव निवासी श्याम देव सिंह की पुत्री रुचि सिंह से हुई थी। जिनसे उनको दो पुत्र आदित्य सिंह और आर्यन सिंह है। फिर वर्ष 2016 में चरित्र पर उठे सवाल जवाब के बाद उनका पत्नी से विवाद उत्पन्न हुआ। जिसके बाद व्यवहार न्यायालय में परिवारवाद संख्या – 12/17 चल रहा है। ऐसे में बीते दिनों वे उक्त विवाद को लेकर न्यायालय गए हुए थे। जैसे ही वे न्यायालय से बाहर निकले तो पत्नी, पुत्रों और उनके अन्य साथियों ने घेर कर उनके साथ मारपीट किया। लूटपाट मचाया है। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बाबा मटेश्वर धाम मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों का उमड़ा जनसैलाब



लोकतंत्र की आवाज

**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा ।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रसिद्ध मटेश्वर धाम काठो बलवाहाट मंदिर में बुधवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ बाबा के गगनभेदी जयघोष के साथ बाबा का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर से लेकर लगभग 2 किलोमीटर दूर तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई थी, जो संध्या 6:00 बजे तक रही। मंदिर का पट सुबह में ही खोल दिया गया था। शिवरात्रि के अवसर पर भी सैकड़ो डाक बम मुंगेर के छर्रा पट्टी से जल लेकर बाबा का जलाभिषेक भी किया।

मटेश्वर धाम काठो में बुधवार सिमरी बख्तियारपुर एसडीओ अनीषा सिंह, डीएसपी मुकेश कुमार ठाकुर, राजस्व पदाधिकारी खुशबू कुमारी आदि सहित अन्य अधिकारियों ने भी पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। वही सिमरी बख्तियारपुर के विधायक यूसुफ सलाहउद्दीन ने भी मेला परिसर पहुंच कर जायजा लिया। वही कांठो पंचायत के मुखिया भोलेंद्र राय के द्वारा 24 धंटे का अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन मंदिर परिसर में चलता रहा। मंदिर में दिनभर पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। रात में प्रसिद्ध मटेश्वर धाम काठो मंदिर एवं सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों में मंदिर में बुधवार को मंगल गीतों एवं शहनाई की गूंज के बीच शिव विवाह की रस्म किया गया। रात में मटेश्वर धाम में मटेश्वर बाबा की भव्य श्रृंगार, पूजा अर्चना एवं विवाह संबंधी रश्म अदा की गई। ग्रामीण महिलाओं ने मंदिर परिसर में रात भर जागकर शिव पार्वती विवाह गीत भी गाई गई। वहीं दूसरी तरफ भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। मटेश्वर धाम न्यास समिति के अध्यक्ष डा.अरुण कुमार, सचिव जगधर यादव, मुन्ना भगत, अरविंद यादव, धर्मवीर सिंह,, कृष्ण कन्हैया, सौरभ कुमार, शवनम कुमारी, पिंकू यादव, विद्यानंद ठाकुर, सौरभ कुमार, कृष्ण कन्हैया आदि ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि के अवसर पर अन्य वर्षो की भांति इस वर्ष श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ देखी गई। मटेश्वर धाम मंदिर में विधि व्यवस्था को लेकर बलवाहाट थाना की पुलिस बल एवं प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट ने भी मंदिर की व्यवस्था एवं महिला भीड़ नियंत्रण में सहयोगी भूमिका मे रही।

वहीं दूसरी तरफ चकभारो पंचायत के प्रसिद्ध बाबा भुवनेश्वर नाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़ी। सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद मुख्य बाजार शिव मंदिर, हटिया गाछी शिवालय, जुलह टोली एवं ग्रामीण क्षेत्र के महखड़ शिव मंदिर सहित कई शिव मंदिरों में भव्य पूजा अर्चना की गई। सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद मुख्य बाजार में रोज वैली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में भव्य शिव बारात निकाल कर संपूर्ण नगर परिषद क्षेत्र का भ्रमण किया। मुख्य बाजार शिवालय में सुवह से श्रद्धालुओं की भीड़ पुजा अर्चना के लिए उमड़ी रही।

## पुलिस केंद्र में आयोजित हुआ क्रिकेट मैच तो एसपी ने किया वृक्षारोपण



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** इन दिनों जिले में आयोजित बिहार पुलिस सप्ताह के दौरान एसपी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस केंद्र स्थित मैदान में खेलो इंडिया खेलों के तहत क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। वही देर शाम एसपी के द्वारा कई फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। जबकि मंगलवार को ही मध्य विद्यालय सिसई, अगवानपुर में बच्चे बच्चियों को महिला पुलिस अधिकारी द्वारा संगोष्ठी आयोजित किया गया। एसपी हिमांशु ने बताया कि इन दिनों जिले में पुलिस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत उद्घाटन सत्र के दौरान जिले के सभी पुलिस भवनो पर झंडोतोलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत थाना परिसरों और आसपास के क्षेत्र में श्रमदान के द्वारा साफ सफाई किए जाने की भी प्रकिया की गई थी।

उन्होंने आगे बताया कि सोमवार को स्थानीय पुलिस केंद्र में रक्तदान शिविर लगाया गया था। जिसमें 10 पुलिस कर्मियों और पदाधिकारी ने रक्तदान किया था। साथ ही नशा मुक्ति अभियान के तहत कई विद्यालय और महाविद्यालय में पुलिस पदाधिकारी पहुंचकर आम लोगों और बच्चों को नशा से दूर रहने की अपील किया था। सोमवार को बिहरा थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव स्थित विद्यालय में डीएम के साथ वे खुद पहुंचकर बच्चों को नशे से दूर रहने की सीख दी थी। हमारी बात पुलिस के साथ कार्यक्रम के तहत युवाओं, महिलाओं और बच्चियों से पुलिस पदाधिकारी का संवाद हुआ था। जबकि महिला और बाल सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिला पुलिस पदाधिकारी जिले के विभिन्न कन्या विद्यालय और महिला महाविद्यालय पहुंचकर बच्चियों को महिला सशक्तिकरण को जानकारी दिया था। जबकि खेलो इंडिया खेलों के तहत भी जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। मंगलवार को भी पुलिस केंद्र में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया था। उन्होंने आगे बताया कि आगामी 27 फरवरी को बिहार पुलिस सप्ताह का समापन किया जाएगा। जिसके दौरान जिले के विभिन्न पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य को लेकर सम्मानित किया जाएगा।

## मंगलवार को बाबा मटेश्वर का हल्दी रस्म अदायगी के साथ पूजा-अर्चना किया गया



लोकतंत्र की आवाज
**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा ।** सिमरी बख्तियारपुर कांठो बलवाहाट स्थित प्रसिद्ध बाबा मटेश्वरधाम मंदिर में मंगलवार की संध्या 7 बजे बाबा मटेश्वर का हल्दी रस्में अदायगी एवं गायन बादन के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। कांवरिया संघ के अध्यक्ष मुन्ना भगत ने कहा कि हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पूर्व संध्या बाबा का हल्दी रस्में डाक कांवरिया संघ के सौजन्य से आयोजित किया गया जिसमें मुख्य यजमान के रूप में सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश ठाकुर शामिल हुए। इस दौरान बाबा का पंचामृत अभिषेक, भव्य श्रृंगार पूजा, भजन कीर्तन व संध्या आरती के साथ हल्दी रस्में संपन्न हुआ। मौके पर कांवरिया संघ से जुड़े कृष्ण कन्हैया, शिवेंद्र पौद्दार, सिकेन्द्र साह,विनोद साह, दुलारचंद ठाकुर सहित न्यास समिति के सचिव जगधर यादव, अरविंद यादव मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आम लोगों को विकास के नाम पर ठगने का काम कर रहे है:तारिक अनवर

लोकतंत्र की आवाज



**प्रवीण कुमार**
**कटिहार।** सांसद तारिक अनवर ने कांग्रेस जिला प्रवक्ता पंकज तमाखूवाला के आवास पर संवाददाता को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं राज्य के मुख्यमंत्री आम लोगों को विकास के नाम पर ठगने का काम कर रहे है। जब जब बिहार में चुनाव आता है। तब प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री जनता के बीच विकास करने की बात को लेकर प्रगति यात्रा के नाम पर आम लोगों को बेवकूफ बनाने का कार्य कर रहे हैं। जिसका बोझ आम जनता पर पड़ रहा है।

सांसद श्री अनवर ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी अस्पताल बदहाल है। सरकारी अस्पताल में मरीज के लिए पर्याप्त चिकित्सक नहीं है, ना ही दवाई उपलब्ध है। जिसके कारण राज्य की स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह चरमरा गई है।खासकर कटिहार जिला के लिए कहना है क्योंकि कटिहार मेरी कर्मभूमि है। यहां का स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था के कारण सदर अस्पताल से लेकर पंचायत स्तर के उप स्वास्थ्य केंद्र काफी बदहाल है। सांसद श्री अनवर ने कहा कि कटिहार में ही मखाना बोर्ड का मुख्यालय होना चाहिए। क्योंकि सीमांचल क्षेत्र में मखाना का उत्पादन काफी मात्रा में हो रहा है। लेकिन किसानों को उचित लाभ नहीं मिल रहा है। इसलिए मखाना बोर्ड का मुख्यालय कटिहार को मिलना चाहिए , जिससे मखाना किसानों को काफी लाभ मिलेगा। सांसद श्री अनवर ने कहा कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किसान को 6000 रुपए सालाना देने की घोषणा की गई है। जो किसानों के साथ छलावा है। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, दिलीप विश्वास, जिला प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला, नगर अध्यक्ष ( ब ) रिंकू मिश्रा,अवधेश मंडल, पंचानंद नायक, विश्वनाथ साह, योगेन्द्र यादव, बेचैन पाण्डेय, प्रीतम चक्रबत्ती आदि नेताओं की उपस्थिति रही इस प्रेसवार्ता मे।

# चकभारो भुवनेश्वर धाम शिव मंदिर से 251 एवं गोरियारी गांव के शिव मंदिर से 101 कुमारी कन्याओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई

लोकतंत्र की आवाज

## शिव पार्वती एवं हनुमान जी की निकाली झांकी में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग





**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा।** अनुमंडल क्षेत्र के सिमरी बख्तियारपुर सलखुआ, एवं बनमा ईटहरी प्रखंड के विभिन्न शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही पूजा अर्चना करने महिला एवं पुरुष व युवाओं का होर मचा रहा। वहीं महाशिवरात्रि को लेकर सिमरी बख्तियारपुर के चकभारो पंचायत स्थित बाबा भुवनेश्वर धाम शिव मंदिर में 251कुमारी कन्याओं की सिरपर कलश के साथ शोभायात्रा में गाजे-बाजे के साथ एवं डीजे के साथ निकाली गई।

इधर सलखुआ प्रखंड के गोरियारी गांव स्थित पान टोला से 101कुमारी कन्याओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई साथ ही शिव पार्वती एवं हनुमान जी की झांकी निकाली सलखुआ प्रखंड अंतर्गत गोरियारी गांव के पान टोला स्थित शिव मंदिर में बुधवार को महाशिवरात्रि को लेकर प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही पूजा-अर्चना किया गया। वही इस कार्यक्रम के अध्यक्ष उमेश शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर से कलश शोभायात्रा निकालकर चिकनी नदी से जल भरकर गोरियारी गांव के विभिन्न मार्गो से होतो हुए मंदिर परिसर में पहुंच कलश स्थापित किया गया।

वहीं कलश शोभायात्रा में शिव पार्वती एवं हनुमान जी की झांकी निकाली गई। साथ ही 24घंटे रामधुनि संकिर्तन का भी दिन के 3 बजे से शुभारंभ किया गया है।

मौके पर मंदिर पुजारी इंदल शर्मा,मेला कमीटी अध्यक्ष उमेश शर्मा, छोटेलाल शर्मा,सुदीन शर्मा, विनोद शर्मा,राधे शर्मा, महिन्द्र शर्मा, पवित्रर शर्मा, सहित समस्त ग्रामीणों के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं गोरियारी गांव के समीप मेन रोड स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए सुबह से लेकर शाम तक चलता रहा। वहीं विभिन्न मंदिरों में रामधुनि संकिर्तन का कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## मैना में नवाह यज्ञ को ले ध्वजारोहण

लोकतंत्र की आवाज



**सोनवर्षा राज सहरसा।** प्रखंड क्षेत्र के मैंना गांव स्थित मां विषहरा भगवती मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को नवाह यज्ञ को लेकर ध्वजा रोहण ग्रामीणों के द्वारा किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में सोनवर्षा प्रखंड के बीडीओ अरविंद कुमार मुख्य रूप से शामिल होकर ध्वाजारोहण में भाग लिया। ध्वजारोहण से पूर्व ग्रामीणों के द्वारा ध्वाजा यात्रा निकाला गया, जो मैंना भगवती मंदिर परिसर से निकलकर मनियां गांव का भ्रमण कर पुनः भगवती मंदिर परिसर में समाप्त हुई।

ध्वाजा यात्रा में ग्रामीणों ने ध्वजा लेकर जय श्री राम की जयकारा लगाते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय माहौल में तब्दील हो गया। इसके बाद भूमि पूजन कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वाजारोहण किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि नवाह यज्ञ की आगामी 30 मार्च से 7 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जाएगा। यज्ञ में प्रवचन, भजन, अष्टयाम पर विचार किया जा रहा है, जल्द ही कार्यक्रम को तय कर लिया जाएगा। ध्वजा रोहण में मुख्य रूप से बीडीओ अरविंद कुमार, मां विषहरा न्यास समिति के कोषाध्यक्ष चन्द्रेव यादव उर्फ पहलवान जी, पड़रिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह पंसस संघ के जिला अध्यक्ष आजाद कुमार, महंथ गजेन्द्र यादव, मिथलेश दास, पुरोहित सत्यनारायण ठाकुर, सुधिर यादव, धनश्याम यादव, अशोक मुखिया उर्फ हरदेव मुखिया, अजय यादव, पप्पू यादव, सुदर्शन यादव, राकेश कुमार वर्मा, सुभाष यादव, बुन्देल पासवान, गुरुबचन पासवान, मनोज मुखिया, नरेश मुखिया, धर्मेन्द्र साह, दिनेश राम, लक्ष्मी मुखिया, रोहित पासवान, विजो यादव, मोहन यादव, चंदन यादव, पंकज साह, जवाहर साह,संजय यादव, आशुतोष कुमार, प्रेमलाल यादव सहित पड़रिया पंचायत सहित मैना ग्रामवासी मौजूद थे।

## रेड क्रॉस ने दुर्गापुर अग्नि पीड़ितों के बीच राहत वितरण

- रेडक्रॉस से अन्य संस्थाओं को प्रेरणा लेने की जरुरतः सांसद

लोकतंत्र की आवाज



**प्रवीण कुमार**
**कटिहार।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से जिले के बरारी प्रखंड अंतर्गत सेमापुर ओपी के दुर्गापुर वार्ड न. 06 में आग से पीड़ित आधा दर्जन से अधिक परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया।सांसद तारिक अनवर की उपस्थिति में राहत का वितरण किया गया। सांसद ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से लगातार समाज सेवा का काम किया जा रहा है। इस तरह के कार्यो से अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं को प्रेरणा लेने की जरुरत है। रेडक्रॉस सोसाइटी के राहत वितरण प्रभारी भुवन अग्रवाल के नेतृत्व में अग्नि पीड़ितों के बीच राहत वितरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। इससे पीड़ितों को काफी मदद मिल रही है।भुवन अग्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी अपने दायित्वों के प्रति हमेशा सजक रही है।रेडक्रॉस सोसाइटी जाति, धर्म से ऊपर उठकर अपना कार्य करती है।सामजिक सेवा का कार्य आगे भी जारी रहेगा।रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव संतोष गुप्ता ने बताया कि दुर्गापुर वार्ड न. 06 के मोजिबुर रहमान, सबाना खातून, नासेर खातून, अम्बार खातून, इशरत परवीन, गुलशन, बिलकिस, आमीना खातून आदि के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया।राहत वितरण शिविर के दौरान सुनील यादव, दिलीप विश्वास, कुमार एकलव्य, रिंकू मिश्रा आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय भर्री पश्चिम में बाल विवाह मुक्त जागरूकता अभियान आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भर्री पश्चिम में बाल विवाह मुक्त कटिहार जागरूकता अभियान जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन तथा राहत संस्था के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता अभियान चलाई गई। जागरूकता अभियान की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो० शकील अहमद ने किया। जागरूकता अभियान का संचालन संस्था के विधिक सलाहकार प्रवीण कुमार झा ने किया।

इस अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय भर्री पश्चिम के प्रधानाध्यापक मो० शकील अहमद ने कहा कि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह के लिए शिकायत दर्ज कर सकता है। ऐसा व्यक्ति जिसके पास बाल विवाह आयोजन के बारे में विश्वास करने का समुचित कारण हो, ऐसा व्यक्ति जिसके पास बाल विवाह के आयोजन की जानकारी हो, बच्चे के माता-पिता या अभिभावक, बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी,बीडीओ या उनके द्वारा नियुक्त व्यक्ति होते हैं।शिक्षक, डॉक्टर, एएनएम, आशा,आंगनबाड़ी सेविका, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, समाज के बड़े बुजुर्ग, पड़ोसी आदि विश्वास सूत्रों के आधार पर गैर सरकारी संस्था के द्वारा चुकी बाल विवाह का आयोजन एक संगिनी अपराध है। एचएम मो० शकील अहमद ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को बाल विवाह मुक्त कटिहार शपथ दिलाई।

प्रधानाध्यापक मो० शकील अहमद ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत धारा 10 के तहत बाल विवाह का आयोजन करने वाला प्रोत्साहित करने वाले व्यक्ति को दंडित किया जा सकता है। धारा 9 तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र का लड़का यदि किसी लड़की से विवाह करता है। बच्चे की देखभाल करने वाला व्यक्ति, कोई अन्य व्यक्ति दोनों पक्ष के माता-पिता या अभिभावक दोनों पक्ष के रिश्तेदार या मित्र, दोनों पक्ष के पड़ोसी जिन्होंने बाल विवाह में भाग लिया हो या योगदान दिया हो।

संस्था के विधिक सलाहकार सह सीनियर अधिवक्ता सह निवर्तमान सीडब्ल्यूसी सदस्य प्रवीण कुमार झा ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के धारा 2 (ए) के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़का जो बच्चे के रूप में परिभाषित किया गया है। इसका अर्थ है की लड़कियों के लिए विवाह का न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए विवाह का न्यूनतम सीमा उम्र 21 वर्ष है। यहां यह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 में केवल विवाह के लिए कानूनी उम्र तय की गई है। इसमें किसी प्रकार से बच्चे की उम्र को परिभाषित नहीं किया गया है। संस्था के विधिक सलाहकार प्रवीण कुमार झा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौता 1989 के अनुसार बच्चा का अर्थ हर उसे व्यक्ति से है जिसे अब तक 18 वर्ष की आयु अब तक पूर्ण नहीं किया हो। जब तक बाल्यावस्था की आयु सीमा निर्धारण हेतु कोई कानून नया कानून न हो। यद्यपि भारतीय वयस्कता अधिनियम 1875 के अंतर्गत भारत में निवास करने वाला व्यक्ति प्रत्येक व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर व्यवस्था की आयु प्राप्त करेगा। विद्यालय के शिक्षिक राजेश चौधरी, राकेश कुमार शर्मा,मनीष कुमार सिंह सहित नुरिला देवी,अकेली देवी,सविया मूर्मु, तिलक चनी देवी,फिजना खातून ने भी विस्तार पूर्वक छात्र-छात्राओं को बाल विवाह मुक्त कटिहार के बारे में जानकारी दिया।

# झारखंड में आदिवासियों की 'मिनी एसेंबली' ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल का हुआ गठन

- 20 सदस्यीय काउंसिल में भाजपा के वरिष्ठ विधायक बाबूलाल मरांडी और चंपई सोरेन को भी सदस्य के रूप में जगह दी गई

लोक तंत्र कीआवाज

**झारखंड प्रभारी निशांत तिवारी**

**रांची।** झारखंड सरकार ने ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) का गठन कर लिया है। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसके पदेन अध्यक्ष होंगे। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को छोड़कर) के मंत्री चमरा लिंडा काउंसिल के पदेन उपाध्यक्ष होंगे। 20 सदस्यीय काउंसिल में भाजपा के वरिष्ठ विधायक बाबूलाल मरांडी और चंपई सोरेन को भी सदस्य के रूप में जगह दी गई है। भारतीय संविधान की पांचवीं अनुसूची के तहत झारखंड सहित देश के 10 राज्यों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित किया गया है। इन राज्यों में एक ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल का गठन किया जाता है, जो



अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और उन्नति से संबंधित मामलों पर सरकार को सलाह देती है।

इस संवैधानिक निकाय का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि इसे आदिवासियों की 'मिनी असेंबली' के रूप में जाना जाता है। झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से टीएसी के गठन की अधिसूचना जारी की गई है।

काउंसिल में जिन विधायकों को जगह दी गई है, उनमें झामुमो के प्रो. स्टीफन मरांडी, आलोक कुमार सोरेन, लुईस मरांडी, संजीव सरदार, सोनाराम सिंकू, जगत मांझी, दशरथ गगराई, सुदीप गुड़िया, रामसूर्य सिंह मुंडा, जिग्गा सुसारन होरो, कांग्रेस के राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी एवं रामचंद्र सिंह और भाजपा के बाबूलाल मरांडी एवं चंपई सोरेन शामिल हैं।

इनके अलावा मनोनीत सदस्य के रूप में पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका निवासी जोसाई मार्डी और रांची के रोल गांव निवासी नारायण उरांव को भी जगह दी गई है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव इस काउंसिल के सचिव होंगे। काउंसिल का कार्य संचालन 2021 में बनी नई नियमावली के अनुरूप होगा। पूर्व में काउंसिल के गठन की स्वीकृति के लिए राजभवन की मंजूरी आवश्यक थी। नई नियमावली में गठन का अधिकार मुख्यमंत्री को दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हरिहर धाम, झारखंडी धाम, दुखहरण नाथ महादेव ,गिरिडीह जिला का पहचान







लोकतंत्र की आवाज

विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो– चीफ )

गिरिडीह, झारखंड। गिरिडीह जिला अंतर्गत बगोदर में हरिहर धाम राजधनवार जिसे की धनवार भी कहते हैं वहां झारखंडी धाम तथा गिरिडीह जिला के अजीडीह में स्थित बाबा दुख हरण नाथ महादेव मंदिर इन सभी तीन स्थानों का गिरिडीह जिले में काफी संस्कृतीक एवं ऐतिहासिक महत्व है। वैसे बगोदर हरिहर धाम मंदिर की स्थापना का कार्य 1980 से ही प्रारंभ हुआ जो कि लगभग 30 वर्षों तक चला झारखंडी धाम इसके विषय में इस बाबा की कहानी कि यह बाबा छत के नीचे नहीं रहते खुले स्थान पर यह विराजमान है और यह कहा जाता है कि जब–जब भी मंदिर रूपदेने का प्रयास किया जाता था तब तक मंदिर का ऊपरी भाग हमेशा गिर जाया करता था इसके बाद बाबा दुख हरण नाथ महादेव इसके विषय में यह बात कही जाती है कि यहां पर बाबा ने स्वयं दर्शन देकर अपने होने का आभास कराया था एक गाय बकरी चराने वाले व्यक्ति को। जो भी हो यह धर्म भूमि झारखंड राज्य बाबा झारखंडी धाम इन नाम से यह समझ जा सकता है की पूरे झारखंड के मालिक बाबा झारखंडी ही है।

### सड़क निर्माण में ठेकेदार के द्वारा मनमानी, तथा घटिया सामग्री का हो रहा इस्तेमाल




लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

कोटालपोखर। बरहरवा प्रखंड के बड़ा सोनाकड़ में स्थित भौरा बांध से से पोखरिया–पाकुड़ सीमा तक बन रही सड़क में भारी घोटाला का आरोप सामने आया है स्थानीय निवासियों का कहना है कि इतना जल्दी सड़क बन कर फाइनल दाल में कुछ काला है 3.19 किलोमीटर लंबाई इस सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा'है। 276.408 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। जिसमें सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।ग्रामीणों के अनुसार सड़क की प्रतिदिन कमजोर है की हल्की बारिश या दवा पढ़ने पर भी दरारें आ सकती है। जनप्रतिनिधि को जल्द से जल्द इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए और संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो और जनता को गुणवत्तापूर्ण सड़क की सुविधा मिल सके।

### 28 को समीक्षा बैठक एवं महुआ माजी के स्वस्थ लाभ हेतु प्रार्थना सभा

लोकतंत्र की आवाज

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की समीक्षा बैठक एवं राज्यसभा सांसद महुआ माजी के स्वस्थ लाभ हेतु प्रार्थना सभा का आयोजन 28 फरवरी को अपराहन 12:00 बजे से किया जाएगा. बैठक में केंद्रीय समिति के सदस्य, जिला अध्यक्ष एवं नवनियुक्त पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे. उक्त जानकारी देते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा ने दी. उन्होंने बताया कि झारखंड आंदोलनकारी के राजकीय मान सम्मान अलग पहचान झारखंड आंदोलनकारी के पुत्र –पुत्री को रोजी, रोजगार एवं नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए समान रूप से सभी को 50–50 हजार रुपया सम्मान पेंशन देने के मामले में सरकार के द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों पर विचार विमर्श व समीक्षा होगी. साथ ही बजट सत्र के दौरान झारखंड आंदोलनकारियों के विषयों में किए जाने वाले चर्चा पर भी विशेष बातें होंगी.

## सांसद समेत चार लोग घायल



लोक तंत्र की आवाज

**झारखंड।** प्रयागराज महाकुंभ से लौटने के दौरान झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद महुआ माजी भीषण सड़क हादसे की शिकार हो गई है. लातेहार के सदर थाना क्षेत्र स्थित होटवाग एनएच–75 के खुशबू ढाबा के पास खड़ी ट्रक में कार ने टक्कर मार दी. घटना में सांसद महुआ मांझी, पुत्र सोमबीत मांझी, बहू कृति श्रीवास्तव मांझी व चालक भूपेंद्र बासकी घायल हुए. राँची



के ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया है. दुर्घटना नींद की झपकी के कारण हुई...

## बिष्णुगढ़ के मंगरो कलस्टर में स्वास्थ्य सदियाओं का मासिक बैठक सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड। )।** बिष्णुगढ़ प्रखंड के मंगरो कलस्टर का साहियाओं का कलस्टर मासिक बैठक नावाटांड के सामुदायिक भवन में हुई।

जिसमें मंगरो कलस्टर के सभी सहियाओं ने भाग लिया और सभी सहियाओं ने हर मंथ के जैसा अपना रिपोर्ट सहिया साथी अंजू देवी को दिया साथ ही स्वास्थ्य सेवा ग्रामीण क्षेत्र में और अच्छा से अच्छा काम करने का बी टी टी नागेश्वर महतो द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि आप लोगो का कार्य अच्छा है और अच्छा कार्य कैसे हो आप लोग



अपने क्षेत्र में लोगों से सम्पर्क करते रहे। इस बैठक में मुख्य रूप से बी टी टी नागेश्वर महतो,बी टी टी बेबी देवी ,सहिया साथी अंजु देवी सहिया से ए एन एम बनी मंजु देवी सहिया मीना देवी,कविता देवी,पिंकी देवी,सुनीता देवी, दुलाली देवी,अंजनी देवी,झनवा देवी,अनीता देवी,पिंकी कुमारी, रीना देवी,शांति देवी,सरिता देवी,कौशल्या देवी,समाज सेवी सुरेश राम, तूलो महतो, धुर्वा देवी लीला उर्मिला सहित अन्य उपस्थित थे।

## सारुकुदर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** बिष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत सारुकुंदर पंचायत सचिवालय में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया । जांच शिविर का आयोजन मुखिया उत्तम कुमार महतो के नेतृत्व में किया गया जिसमें लोकनायक नेत्र अस्पताल बहेरा आश्रम चौपारण के चिकित्सक द्वारा जांच किया गया इस अवसर पर चिकित्सा सहायक पंकज कुमार के द्वारा 36 रोगियों का निशुल्क जांच किया गया।

साथ ही साथ रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए बहेरा आश्रम चौपारण ले जाया गया जिसमें वाहन समेत सभी खर्चो का व्यवस्था सेवा आश्रम के द्वारा



किया जाएगा इस कार्यक्रम में जगदीश महतो जीवाधन मिस्त्री तेजो महतो टेकोचंद महतो रिंकी देवी रामेश्वर महतो पुलिस महतो सकीना खातून जोगिंदर पटेल सोमवार सा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बरहरवा प्रखंड अंतर्गत झिकटीया निवासी अमीत भगत ने कांग्रेस पार्टी की सदस्ता ग्रहण की

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** नगर पंचायत के निवासी अमित भगत ने कांग्रेस पार्टी की कार्य शैली से प्रभावित होकर आज इस्लामपुर में प्रदेश महासचिव तनवीर आलम के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। तनवीर आलम ने अमित भगत को माला पहनाकर उनका स्वागत किया,और कहा कि निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करें, कांग्रेस पार्टी का यहीं सिद्धान्त है।

वही अमित भगत ने तनवीर आलम के समक्ष कहा की मैं बहुत दिनों से कांग्रेस पार्टी की कार्य शैली को देख रहा हूं, विशेषकर पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम जी के विकास कार्यों तथा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ



कार्यकर्ताओं के कार्यों से मैं बहुत प्रभावित हुआ हूं। मेरे अंदर भी लोगो की सेवा करने की भावना जगी है,इसलिए मैंने कांग्रेस पार्टी में शामिल हुआ।मुझे बहुत ही अच्छा महसूस हो रहा है। अमित भगत ने प्रदेश महासचिव तनवीर आलम का दिल से धन्यवाद दिया तथा आभार व्यक्त करते हुए कहा की मैं निस्वार्थ भावना से पार्टी का कार्य करूंगा।

## गिरिडीह जिला को 3 करोड रुपए का पुरस्कार उत्कृष्ट प्रदर्शन पर

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह ,झारखंड।** उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि यह गिरिडीह जिला के लिए गर्व का विषय है। यह पुरस्कार जिला प्रशासन की मेहनत और प्रयासों तथा आमजनों के सकारात्मक सोच और विकास कार्यों में उनकी सहभागिता का परिणाम है। इस पुरस्कार से गिरिडीह ज़िले को राज्य और देश में नई पहचान मिली है। पुरस्कार राशि का उपयोग जनकल्याणकारी परियोजनाओं को गति देने और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर एवं सुदृढ़ बनाने के लिए किया जायेगा।

गौरतलब हो कि नीति आयोग आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में जिलों की प्रगति की निगरानी करता है। इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले जिलों को प्रोत्साहन स्वरूप अतिरिक्त संसाधन (पुरस्कार राशि) प्रदान किये जाते हैं, ताकि विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी रूप से संचालित किया जा सके।

- नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर
- पुरस्कार राशि का प्रयोग जन कल्याणकारी परियोजनाओं को गति देने में– उपयुक्त गिरिडीह

## कतरास में अवैध कोयला खनन में दबकर युवक की मौत, युवती गंभीर रूप से घायल

लोक तंत्र कीआवाज

**झारखंड प्रभारी निशांत तिवारी**

**धनबाद।** कतरास, 24 फरवरी 2025: तेतुलमारी थाना क्षेत्र के खास सिजुआ में सोमवार सुबह अवैध कोयला खनन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। ओवरबर्डन (मलबा) गिरने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि मलबे में दबने से युवती की कमर टूट गई।

**स्थानीय लोगों ने किया रेस्क्यू:** हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को मलबे से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल ले गए। हालांकि, युवक की रास्ते में ही




मौत हो गई, जबकि घायल युवती का इलाज गुप्त तरीके से किसी निजी अस्पताल में कराया जा रहा है।

पुलिस ने किया युवती के घायल होने से इनकार घटना को लेकर तेतुलमारी थाना प्रभारी सतेंद्र यादव ने बताया कि मृतक के परिजनों का कहना है कि वह सुबह शौच के लिए गया था, जहां पैर फिसलने से मलबे में दब गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस को अब तक परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। हालांकि, पुलिस ने किसी युवती के घायल होने की पुष्टि नहीं की है।

ओबी पहाड़ पर जान जोखिम में डालते लोग घटनास्थल के पास एक भूमि आउटसोर्सिंग कंपनी का काम जारी है। कंपनी द्वारा निकाले गए ओवरबर्डन (मलबा) से वहां पहाड़ जैसे टीले बन गए हैं, जिनमें कोयला भी मौजूद रहता है। कोयला चुनने के लालच में स्थानीय लोग वहां अपनी जान जोखिम में डालते हैं और कई बार इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं।

स्थानीय प्रशासन की लापरवाही और अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई न होने से ऐसे हादसे बार–बार हो रहे हैं। इससे पहले भी कई लोग ओबी पहाड़ से कोयला चुनते समय अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन इस पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम-एसपी ने शिवालयों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम करने के निर्देश दिए



लोकतंत्र की आवाज
उरई जालौन। महाशिवरात्रि के पर्व के अवसर पर जनपद में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सरावन में भुरेश्वर महादेव मंदिर, देवगांव, सला घाट सहित अन्य प्रमुख शिवालयों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। और निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंधों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। उन्होंने साफ–सफाई, और पेयजल आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा और यातायात प्रबंधन को सुचारू रूप से बनाए रखने हेतु निर्देशित किया।पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस बल को अलर्ट मोड़ पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसरों व आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि श्रद्धालु निर्भीक होकर भगवान शिव के दर्शन और अर्चना कर सकें। वहीं समूचे जनपद में शिवालयों में श्रद्धालुओं भारी संख्या मे भीड़ देखने को मिली । और प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से चाक चौबंद इंतजामात किए गए इस मौके पर एडी एम, एएसपी, एस डी एम, सीओ, सहित स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा

### भागलपुरः अखंड कीर्तन का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर ग्राम माल मोहनपुर गोराडीह पंचायत में युवा संघ समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से 24 घंटे का कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा संघ समिति के अध्यक्ष टुनटुन मंडल और रजनीश आनंद प्रखंड अध्यक्ष लोजपा रामविलास और पंचायत अध्यक्ष बादल कुमार और मंदिर के पुजारी रामदेव गोस्वामी एवं अनेक ग्राम वासियों उपस्थित थे। कीर्तन के आयोजन के पहले विशाल कलश यात्रा भी निकल गई । मंदिरों में ग्रामीणों के सहयोग से शिव विवाह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर भगवान शिव पर किया गया जलाभिषेक



लोकतंत्र की आवाज
दीपक कुमार
गायघाट । महाशिवरात्रि को लेकर बुधवार को जिले भर के शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गयी. जिला मुख्यालय के शिवमंदिर समेत सभी शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की कतार सुबह चार बजे से ही लगी थी. महाशिवरात्रि को लेकर जिले के शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था. जिला मुख्यालय के शिवमंदिर में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु रुद्राभिषेक कर भगवान शिव की पूजा की. मंदिर परिसर में काफी भीड़ उमड़ने के कारण लोगों को जल चढ़ाने में थोड़ी परेशानियो का सामना भी करना पड़ा. हालांकि प्रशासन के द्वारा श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस के जवान तैनात किये गये थे. भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के लिए लोगों को कतार में लग कर मंदिर में प्रवेश करवाया जा रहा था.

# अन्नपूर्णा कर्पूरी महादेव मंदिर से निकली भव्य शिव बारात झांकी

## 12 किलोमीटर तक निकली भव्य शिव बारात झांकी में झूमे श्रद्धालु

लोकतंत्र की आबाज

**विद्यापतिनगर /समस्तीपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड अंतर्गत मऊबाजार अखाड़ा घाट स्थित श्री अन्नपूर्णा कर्पूरी महादेव मंदिर परिसर से भव्य शिव बारात की झांकी निकाली गई। आस्थावान श्रद्धालुओं ने बुधवार को संयुक्त रूप से शिव पताका को दिखा कर शिव बारात झांकी को रवाना किया। शिव विवाहोत्सव को लेकर निकाली गई झांकी में भगवान भोलेनाथ, विष्णु, राम सहित भूत–पिशाच गण आदि के प्रतिरूप लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। मऊबाजार परिसर से निकाली गई झांकी प्रखंड के विभिन्न मार्ग चांदनी चौक शेरपुर, एन एच 122 बी,लगड़ा ढाला होते हुए इमली ढाला, काली स्थान मड़वा, विद्यापतिधाम, साहिट, बजरंगी चौक, गोपालपुर, मऊबाजार आदि गांवों की आंचलिक यात्रा पूरी कर मंदिर परिसर स्थित शिव विवाह मंडप में पहुंची।



जहां महिला श्रद्धालुओं ने आरती उतार कर परीक्षण किया। मौके पर यूथ बिग्रेड के संयोजक पदमाकर सिंह लाला,पैक्स अध्यक्ष राम बिहारी सिंह, कुंदन सिंह, संदीप पाठक,लाला सिंह,अमरनाथ मुन्ना,चंद्रकिशोर सोनी, शंभू सोनी, राकेश साह, प्रिंस शर्मा, मैनेजर साह, संतोष साह, ,अरविद साह, चंदन साह, चंदन भोला,अमर साह आदि सैकड़ों आस्थावान श्रद्धालु भक्त शामिल रहे। उधर शिव बारात झांकी में संजय लाहाकार ने भगवान भोलेनाथ, बमबम महतो ने विष्णु, राहुल ने राम, प्रियांशु ने लक्ष्मण,अंकित ने हनुमान जी के प्रतिरूपों के चित्रण को उपस्थित जनसमूह ने बखूबी सराहा।

मौके पर एसएचओ फिरोज आलम के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल की चौकसी बनी रही। शिव बारात झांकी जब विद्यापतिधाम उगना महादेव मंदिर परिसर पहुंची तब हजारों श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुंच गया। भक्तों ने पुष्प वर्षा कर बारात झांकी का अभिनंदन किया। करीब 12 किलोमीटर तक निकली भव्य शिव बारात झांकी में शिव भक्त जमकर झूमे। समाजसेवी कुंदन सिंह, चंद्रकिशोर सोनी, अमर साह, संदीप पाठक, मैनेजर साह, राकेश साह, शंभू सोनी, सोनू ठाकुर, चंदन भोला, अमरनाथ मुन्ना, ऋतिक रोशन, सुबोध राय, प्रिंस शर्मा, अमन सौरव, संतोष साह, राकेश साह आदि सैकड़ों भक्त–श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रखंड के सभी शिवालय में सुबह से ही भक्तों की भीड़



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** शेरमारी बाजार का प्रसिद्ध शिव मंदिर बाबा मनोकामना नाथ मंदिर , योगी बाबा मंदिर, जंगली नाथ मंदिर सहित तमाम शिवालयों में सुबह से भक्तों की भीड़ लगी हुई है ।बाबा मनोकामना नाथ मंदिर में 72 घंटे का अष्टजाम भी शुरू हो चुका है । लोग पूजा के साथ–साथ मेले का भी लुप्त उठा रहे हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर शेरमारी बाजार शिव मंदिर, थाना परिसर स्थित शिव मंदिर, टड़वा, दुलदुलिया, प्रस्बन्ना, रघुनाथपुर बाखरपुर, बाबूपुर ,शादीपुर, सिमान पुर सहित तमाम जगहों पर शिव विवाह का आयोजन किया जा रहा। बाबा मनोकामना नाथ मंदिर के पुजारी बाबूचन ने बताया कि यह एक प्राचीन शिव मंदिर है, जहां पर आप रूपी जोड़ा शिवलिंग है ,जो मनोकामना सिद्ध करने वाला है। वही इस बार शेरमारी बाजार स्थित ठाकुरवादी को भव्य तरीके से सजाया गया है। दिन में रुद्राभिषेक संध्या में शिव विवाह की तैयारी जारी है। इस अवसर पर पंकज चौधरी ,राजेश दत्ता ,रविंद्र कुमार , पप्पू मिश्रा, सुनील कटारूका , पप्पू कटारूका, कैलाश तांती, दिनेश कुमार, मानस चक्रवर्ती, रतन पाठक सहित सैकड़ो की संख्या महिलाएं उपस्थित थीं।

## प्रखंड युवा राजद के कार्यकारिणी की बैठक हुई



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** युवा राजद के द्वारा प्रखंड कार्यकारिणी की एकदिवसीय बैठक स्थानीय विवाह भवन में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रभात कुमार और अबू कमर के द्वारा की गई। जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि जिला प्रभारी गुड्डू यादव और जिला अध्यक्षबसारुल हक थे। इस बैठक में सर्व सम्मती से निर्णय लिया गया कि पटना में 5 मार्च को आयोजित युवा चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया । यह भी निर्णय लिया गया कि पीरपैंती से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पटना मिलर हाई स्कूल में चलेंगे। तेजस्वी यादव का भाषण सुनकर लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर मुरली यादव ,रंजीत साह,जनसिर असलम, मुकेश कुमार ,कुंदन कुमार सोनू यादव ,मोहम्मद सज्जाद ,मणिकांत, चांद अली सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मॉडर्न इंगलिश स्कूल में छात्रों ने मनाया महाशिवरात्रि महोत्सव

लोक तंत्र कीआवाज

**सुनील कुमार**
**नवादा।** जिले के न्यू एरिया स्थित मॉडर्न समूह की शाखा न्यू मॉडर्न इंगलिश स्कूल में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की गई, साथ ही साथ शिव पार्वती विवाह की आकर्षक झांकी भी दिखाई गई।जिसमें बच्चों ने शिव और पार्वती के रूप को धारण किया।इस दौरान बच्चों ने शिव पार्वती की झांकी प्रस्तुत कर उनका आशीष प्राप्त किया।नन्हें मुन्ने बच्चे शिव परिवार श्री गणेश, भगवान शिव व माता पार्वती की वेशभूषा में सजकर आए और उन्होंने ईश्वर के प्रति अपनी श्रद्धा, विश्वास व आस्था का परिचय दिया।



बच्चों के द्वारा भगवान शिव के भजनों पर बड़ा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की छात्रा स्नेहिल प्रभाकर के द्वारा शिव तांडव की शानदार प्रस्तुति दी गई। प्रार्थना सभा में महामृत्युंजय मंत्र का उच्चारण किया गया। इस अवसर पर आयोजित हो रहे विशेष चेतना सत्र में विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ अनुज सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि एक पर्व ही नहीं बल्कि हर देशवासी में धर्म के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है । इससे बच्चों में आस्तिकता का भाव आता है, ईश्वर के प्रति आस्था, भक्ति व आध्यात्मिकता का विकास होता है।इस पर्व का उद्देश्य अपने आप में ईश्वर के प्रति आस्था–भाव दर्शाना , उनमें आध्यात्मिक गुणों का विकास करना है।

विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को शिवरात्रि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भगवान शिव की महिमा अपार है। भगवान शिव को शंकर, भोलेनाथ, महादेव, महाकाल इत्यादि कई नाम से जाना जाता है। शिक्षिका स्वीटी कुमारी ने बच्चों को भगवान शिव के प्रति जानकारी देते हुए बताया कि भगवान शिव हमारी प्रेरणा है। हमें उनके जीवन से दया, करुणा, त्याग , दान आदि सीखना चाहिए। उन्होंने ने बताया कि इस तरह के आयोजन के जरिए बच्चे शिक्षा व संस्कार दोनों सीखने का मौका पाते हैं। कार्यक्रम के संचालन में उपप्राचार्य सुशील कुमार, शिक्षकों में से कुमारी स्वीटी,स्वीटी कुमारी,माधवी कपूर, पवन कुमार ,आशीष कुमार, धीरज सहित सभी विद्यालय परिवार की सराहनीय भूमिका रही।

# बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, सवार घायल

लोकतंत्र की आवाज



**रामपुरा(जालौन)।** रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज गति से आ रही बस ने लापरवाही के चलते अनियंत्रित होकर बस चालक ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर, जिससे बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिवगंज कर्णखेरा के पास अवैध रूप से संचालित माधौगढ़ से दिल्ली के लिए परिवहन कर रही प्राइवेट फौजी बस सर्विस ने बाइक सवार को कट मार दिया जिससे बस की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक घायल होकर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त विवरण के अनुसार बुधवार की सुबह 7:30 बजे बलराम पुत्र सीताराम उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी संकट मोचन मंदिर के पास रामपुरा में अपनी मोटरसाइकिल हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर आरजे 20 एसजे 3485 से जगमनपुर होते हुए औरैया जा रहा था तभी शिवगंज के पास कर्णखेरा मोड पर भीखेपुर की ओर से आ रही फौजी स्लीपर बस यूपी 81 सीटी 5134 के चालक ने तेज गति से आ रही बस ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार को कट मार दिया जिसके चलते बाइक सवार बलराम को टक्कर से गिर गया जिससे बलराम सड़क के किनारे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया एवं उनकी मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षति ग्रस्त होकर चकनाचूर हो गई। और बस चालक द्वारा घटना को अंजाम देने के बाद बस को लेकर मौके से रफूचक्कर हो गया ।

जिसकी जानकारी राहगीरों ने पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर राहगीरों की मदद से घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया । और पुलिस द्वारा घटना की जानकारी कर आरोपी बस व चालक के खिलाफ टक्कर मारने वाली बस के खिलाफ अभी तक कोई भी शिकायती पत्र नहीं दिया गया लेकिन राहगीरों की जानकारी के अनुसार पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी । वही थाना अध्यक्ष रामपुरा ने बताया है कि यदि प्रार्थना पत्र प्राप्त होता है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में रही भक्तों की भीड़



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला, नवादा।** महाशिवरात्रि का त्योहार बुधवार को पूरे प्रखंड में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। शिवालयों में दिनभर जल व दूध से अभिषेक के साथ भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई। रात में भजन कीर्तन महाआरती का आयोजन किया गया। साथ ही शिव पार्वती का विवाह भी संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने व्रत उपवास रहकर शिवलिंग पर बेलपत्र धतूरा हक फूल आदि चढ़कर सुख स्मृति की कामना की। प्रखंड के सांढ़–खौरा गांव के महादेव मठ, बरदाहा गांव के शिव मंदिर, जयनगर गांव के शिव मंदिर, सिरदला, कुशाहन,लौंन्द, तकिया महादेव मठ सहित सभी शिव मंदिरों में पूजन के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिवालियों को आकर्षक सजावट की गई थी। इस दौरान मंदिरों में भगवान शिव के जयकारे गूंजयमान होते रहे। सवेरे से शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रही।गुरुवार की सुबह शिव जलाभिषेक के साथ ही व्रत का समापन हो जायेगा।

# विभिन्न शिव मंदिरो के कमेटियों द्वारा बाबा भोलेनाथ की बरात निकाली

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**बरहरवा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को बरहरवा शहर में विभिन्न शिव मंदिरों के कमेटियों द्वारा आकर्षक रूप से निकाले गए बाबा भोलेनाथ की बारात में शामिल उनके भक्तों ने भूत पिशाच सहित अन्य का रूप धारण कर ढोल नगाड़ों की धुन में जमकर झूमे. इस दौरान पूरा शहर शिवमय प्रतीत हो रहा था. महाशिवरात्रि के अवसर पर अहले सुबह से ही लोगों की भीड़ शिवालयों में उमड़ने लगी थी.



लोगों ने बाबा भोलेनाथ का गंगाजल, दूध का अभिषेक किया. वहीं, बाबा भोलेनाथ व माता पार्वती के विवाह के दौरान मन्दिर में लोगों की काफी भीड़ उमड़ी. नगर के ठाकुर बाड़ी स्थित महामृत्युंजेश्वर नाथ शिवालय , रतनपुर स्थित शिव मंदिर, बोहरा शिव मन्दिर, सागो यादव मंदिर, पिपरानाथ शिवालय, जीआरपी मन्दिर, कुशवाहा टोला स्थित शिवलाल स्मृति शिवालय, ब्लॉक स्थित शिव मंदिर, बैरागी पाड़ा के विश्वेश्वर नाथ महादेव, छाताडंगाल स्थित भूतेश्वर नाथ महादेव मंदिर में बाबा भोलेनाथ का भव्य तरीके से पूजा अर्चना किया गया.

# सूने घर से चोरों ने लाखों के जेवरात उड़ाये

लोक तंत्र की आवाज

**कोच जालौन।** कोंच कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को दिया अंजाम। चोरी घटना सामने आई मोहल्ला भगतसिंह नगर में स्थित एक सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना । घर के मालिक रामप्रकाश झांसी के लघु सिंचाई विभाग में कार्यरत हैं।

घटना 25–26 फरवरी की रात की है। रामप्रकाश की मां कुंजन देवी 14 फरवरी को कुंभ स्नान करने के लिए प्रयागराज में गई थी अपने परिवार के साथ इसके बाद वह वही रह गई अपनी बेटी के पास चली गई थीं। खाली घर देख चोरों ने मौका का फायदा उठाकर चोर पीछे के रास्ते से घर में घुस गए और चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया और चारो कमरों के चोरों ने ताले चटका दिए और चोरी कर डाली ।



चोरों ने घर से रखे 13 हजार रुपए की नगदी व इसके अलावा सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए जिसमे सोने की एक चेन, चार चूड़ियां, एक अंगूठी और एक कमरपेटी सहित अन्य सामान चुरा ले गए। और कुछ पीतल के बर्तन भी ले जा रहे थे। जिसकी आवाज मोहल्ले वालों को सुनाई दी । खटपट की आवाज सुनकर मोहल्ले वासियों ने चोरों को ललकारा। ग्रामीणों की आवाज सुनकर चोर बर्तनों की भरी बोरी छोड़कर रफूचक्कर हो गए।

चोरी वारदात की जानकारी मोहल्ले वालों ने रात में ही फोन पर गृह स्वामी रामप्रकाश को सूचना दी। तो पड़ोसियों की सूचना के अनुसार गृह स्वामी ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को डायल 112 पर दी सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और सूचना मिलते ही गृह स्वामी प्रयागराज महाकुंभ तीर्थ स्थल से अपने निज निवास कोंच के लिए रवाना हो गए और तब तक डायल 112 पुलिस और स्थानीय चौकी खेड़ा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मौके पर घटना की जानकारी की । और पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच मे जुट गई है।

# रेवार में नवनिर्मित महादेव मंदिर में त्रिशूल कलश की स्थापना

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत एरूरी पंचायत के रेवार गांव में बुधवार को भगवान भोलेनाथ के नवनिर्मित मंदिर बाबा योगेश्वर धाम के शिखर पर त्रिशूल कलश की स्थापना की गई। पूरे विधि– विधान से विद्वान पंडित की देखरेख में त्रिशूल कलश स्थापित की गई। इसके साथ ही मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है।इससे पहले गांव में कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 151 कलश लिए महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आगे– आगे त्रिशूल कलश लिए भक्त के साथ ही कलशधारी महिलाओं व श्रद्धालुओं की भीड़ से गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। कलश शोभायात्रा मंदिर परिसर से निकलकर देवी स्थान



तक गई। वहां से ठाकुरबाड़ी के रास्ते पुनः मंदिर परिसर पर संपन्न हुई। इस बीच हर हर महादेव की गूंज रही।

ग्रामीण सुधाकर कुमार, सुभाष प्रसाद सिंह, प्रभाकर कुमार, मंटू सिंह, बबलू सिंह आदि ने बताया कि गांव में भगवान महादेव के अति प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कर नया मंदिर बनाया गया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर अनुष्ठान शुरू कर मंदिर के शिखर पर त्रिशूल कलश स्थापित की गई। 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया, जो गुरुवार को संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि यह अति प्राचीन मंदिर है, जहां भगवान महादेव स्वयं प्रकट हुए हैं। मंदिर के नए सिरे से निर्माण के समयरेवार में नवनिर्मित महादेव मंदिर में त्रिशूल कलश की हुई स्थापना

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।